तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 19.8 डिग्री

हरिभूमि

# बिलासपुर भूमि

बिलासपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

बिल्हा | मस्तूरी | तखतपुर | मुंगेली | कोटा | लोरमी | सरगांव | पेंड्रा | बेलतरा | रतनपुर | पथरिया


**खबर संक्षेप**

### प्री-पीएचडी के लिए आवेदन की अंतिम तिथि आज

**बिलासपुर।** अटल यूनिवर्सिटी में पीएचडी का नया बैच शुरू होना है। इसके लिए प्री-पीएचडी के लिए दूसरी बार आवेदन की तिथि बढ़ाई गई है, जिसकी अंतिम तिथि शनिवार को समाप्त हो रही है। अटल यूनिवर्सिटी पीएचडी के तीसरे बैच में प्रवेश की तैयारी कर रही है। इसके लिए प्री-पीएचडी प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी। प्री-पीएचडी के लिए यूनिवर्सिटी ने 30 जनवरी से प्री-पीएचडी फार्म भी आनलाइन भराना शुरू किया था।

### बाइक दुकान में लगी आग से मचा हड़कंप



**बिलासपुर।** शुक्रवार को शनिचरी बाजार से पचरीघाट जाने वाली सड़क के किनारे मोटरसाइकिल मैकेनिक दुकान में लगी आग लगने से वहां हड़कंप मच गया। किसी तरह लोगों की सूचना पर नगर निगम की दमकल के पहुंने के बाद आग पर काबू पाया गया। शुक्रवार की देर रात शनिचरी बाजार से पचरीघाट जाने वाली सड़क के किनारे स्थित एक मोटर साइकिल मैकेनक की दुकान में आग लग गई। जिससे आसपास के इलाके में जमकर हड़कंप मच गया। लोगों की सूचना पर पहुंची नगर निगम की दमकल की सहायता से आग को बुझाया जा सका। आग कैसे लगी लोग जानकारी देते रहे।

# तनावग्रस्त युवक मेंटल अस्पताल में फांसी के फंदे पर झूला, अस्पताल में मचा हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



मृतक

■ सेंदरी मेंटल अस्पताल का मामला

इलाज के लिए सेंदरी मेंटल हास्पिटल गए युवक ने पहले पत्नी के हाथों से नाश्ता किया और दूसरे मरीज का गमछा लेकर टायलेट में फांसी के फंदे पर झूल गया। अस्पताल के बाहर से आकर पत्नी ने पति को खोजना शुरू किया, इस दौरान उसकी लाश टायलेट के चौखट में लटकी मिली। मरीज के खुदकुशी करने से अस्पताल में हड़कंप मच गया। अस्पताल प्रबंधन ने इसकी जानकारी कोनी पुलिस को दी है। परिजनों के इंतजार के चलते शुक्रवार को शव का पीएम नहीं हो सका है।

वित्तीय संकटों से जूझ रहे महासमुंद के बरना निवासी युवक लखन लाल साव उम्र 36 को डिप्रेशन के चलते सेंदरी स्थित मेंटल अस्पताल में 5 मार्च गुरूवार को भर्ती कराया गया। उसकी पत्नी ने ही उसे मेंटल अस्पताल में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान वह भी अस्पताल में थी। शुक्रवार की सुबह 11 बजे महिला ने पति लखन को नाश्ता कराया और उसके साथ बैठी रही। इस दौरान परिजन का फोन आने पर वह अस्पताल से बाहर निकलकर बात करने लगी, लेकिन लखन अस्पताल के अंदर ही बैठा रहा। करीब 20 मिनट बाद पत्नी वापस उससे मिलने आई तो वह नजर नहीं आया। आसपास के लोगों ने उसके टायलेट जाने की जानकारी दी, थोड़ी देर में जब युवक टायलेट से नहीं लौटा तो पत्नी को चिंता हुई, वह एक कर्मचारी के साथ टायलेट की ओर गई। युवक टायलेट की चौखट में फांसी पर लटका मिला, जिसके बाद अस्पताल में हड़कंप मच गया। बताया जा रहा है कि टायलेट जाने से पहले युवक ने पड़ोस में बैठे मरीज से गमछा मांगा था और उसी गमछे से उसने आत्महत्या की है। प्रबंधन को जानकारी मिलते ही पुलिस को बुलाया गया और पंचनामा कर शव पीएम के लिए भेजा गया है। युवक के आत्महत्या करने के मामले में अस्पताल प्रबंधन के सुरक्षा की पोल खुल चुकी है। जिस समय यह घटना हुई उस दौरान अस्पताल में सभी डाक्टर और स्टाफ थे, इस दौरान डिपरेशन के शिकार युवक की हरकतों पर नजर रखने के लिए कोई स्टाफ मौजूद नहीं था।

### बेटी ने भी लगाई थी फांसी

बताया जा रहा है कि कुछ साल पहले युवक की 16 वर्षीय बेटी भी महासमुंद में फांसी लगाकर आत्महत्या कर चुकी है, जिसके बाद से ही युवक मानसिक तनाव से गुजर रहा था। इससे पहले भी वह खुदकुशी करने की कोशिश कर चुका था। इस दौरान परिवार वित्तीय समस्याओं से जुझ रहा था, जिसके चलते युवक काफी डिप्रेशन में रहने लगा था। वह किसी से ज्यादा बात नहीं करता था, इसी समस्या को लेकर उसकी पत्नि ने उसे सेंदरी मेंटल अस्पताल में भर्ती कराया था।

#### पुलिस को सूचना दी गई

युवक एक दिन पहले ही भर्ती हुआ है, घटना शुक्रवार की सुबह 11 बजे की है। सभी डाक्टर अपने राउंड में थे इस दौरान हमें बाथरूम में युवक की लाश मिलने की जानकारी मिली, चेक किया गया, लेकिन युवक की मृत्यु हो चुकी थी। पुलिस को सूचना दी गई है।

**- जेपी आर्या**, अधीक्षक,शासकीय मेंटल अस्पताल, सेंदरी

#### विवेचना की जा रही

युवक के शव का पंचनामा कर पीएम के लिए भेजा गया है। पूछताछ में पता चला है कि युवक पहले भी आत्म हत्या की कोशिश कर चुका है। मर्ग कायम कर विवेचना की जा रही है। प्रारंभिक जानकारी में पता चला है कि वह डिप्रेशन का शिकार था।

**- भावेश शेडे**, टीआई कोनी थाना



**युद्ध के चलते फ्लाइट की उड़ानों पर पड़ा असर**

■ केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने युवकों से की थी फोन पर बात, मदद का दिया था आश्वासन

# 10 दिन से दुबई में फंसे कोटा के तीनों दोस्त बिलासपुर लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

दुबई में 10 दिन से फंसे करगीकोटा के तीनों दोस्त बिलासपुर पहुंच गए हैं। ये तीनों दोस्त घूमने के लिए दुबई गए थे। उसी दौरान पश्चिम एशिया में बढ़ते सैन्य तनाव का असर वहां की उड़ानों पर पड़ने लगा। इसके कारण उनकी वापसी में दिक्कत आ गई। सुरक्षा को लेकर स्थिति साफ नहीं होने के कारण लगातार फ्लाइट भी कैंसिल हो रही थी। इसी बीच केन्द्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू ने इन युवकों के साथ ही उनके परिजन से बात की और मदद का भरोसा दिलाया था।

गौरतलब है कि कोटा के शिवम मिश्रा, आकाश अग्रवाल और आयुष अग्रवाल दुबई घूमने गए थे। उसी दौरान इरान, इजराइल और अमेरिका के बीच शुरू हुए भीषण युद्द का असर दुबई पर भी पड़ा। फ्लाइट की उड़ानों पर पड़ रहे असर के कारण तीनों दोस्त 9 दिनों तक वहीं फंसे रहे। इन युवकों ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्रियों की भीड़ बढ़ गई थीं। कई उड़ानें री-शेड्यूल भी हुईं जिससे लोगों को ज्यादा इंतजार करना पड़ा। शिवम ने बताया कि फ्लाइट रद्द होने के कारण होटल में रुकने का समय भी बढ़ा तो खर्चा भी काफी हुई।

### लगातार कैंसिल हुई तीन फ्लाइट

इन दोस्तों ने बताया कि उनकी पहली वापसी टिकट 28 फरवरी की थी, जो कैंसिल हो गई। इसके बाद 3 और 5 की फ्लाइट भी रद्द हो गई है। 5 मार्च की रात 10 बजे फ्लाइट कैंसिल होने के बाद 6 मार्च की अगली सुबह करीब डेढ बजे एक और फ्लाइट से यह दोस्त दुबई से रवाना हुए और सुबह 6 बजे दिल्ली पहुंचे। देर शाम तक तीनों दोस्त बिलासपुर पहुंच थे। तीनों दोस्तों ने बताया कि दुबई प्रशासन और होटल मैनेजमेंट ने उनकी इस दौरान काफी मदद की।

### पैकेज टूर के तहत दुबई घूमने गए थे

शिवम के चचेरे भाई विनय मिश्रा ने बताया कि चाचा राजेश मिश्रा ट्रांसपोर्ट का काम करते हैं। चाची कांग्रेस नेत्री हैं। जबकि एक दोस्त के पिता डॉक्टर हैं और दूसरे दोस्त के पिता ट्रांसपोर्टर हैं। तीनों दोस्त पैकेज टूर के तहत दुबई घूमने गए थे। दुबई में फंसे रहने के दौरान तीनों युवक वीडियो कॉल के जरिए परिजनों से संपर्क बनाए हुए हैं थे। शिवम ने बताया कि बुर्ज खलीफा पर किसी तरह का कोई हमला नहीं हुआ है। दुबई में हालात सामान्य हैं। शहर में रोजमर्रा की गतिविधियां जारी हैं और पर्यटक स्थल भी खुले हैं।

# अलग-अलग दिनों में 23 ट्रेनों के पहिए थमेंगे 5 अप्रैल तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



बोरतलाव से दरेकसा के अलावा गोंदिया से गुदमा के बीच गर्डर लांचिंग का कार्य शुरु कर दिया गया है। इसके अलावा बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच चौथी लाइन का भी कार्य चल रहा है, जिसके कारण 5 अप्रैल तक अलग-अलग दिनों में रेल प्रशासन ने 23 ट्रेनों के पहियों को रोकने का आदेश कर दिया है।

मार्च का महीना शुरु हों गया है और यह माह रेलवे के लिए अंतिम रहता है, जिसमें रेल प्रशासन केवल माल लदान का टारगेट पूरा करने के लिए मालगाड़ियों का परिचालन करती है। कोयला के अलावा अन्य सामानों की लोडिंग व अनलोडिंग का कार्य करने रेलवे के अफसर लांग हॉल सहित अन्य ट्रेनों को चलाते हैं, जिसकी वजह से यात्री ट्रेनों की आवाजाही बुरी तरह से प्रभावित होती है। इसी तरह की परिस्थिति से प्रतिदिन यात्रियों को परेशान होना पड़ रहा है, लेकिन यात्री गाड़ियों की समयबद्धता को ठीक करने के लिए रेल अफसरों की ओर से किसी तरह की कोई पहल नहीं की जा रही है। फरवरी से 6 मार्च के बीच रेलवे ने अब तक 50 से अधिक ट्रेनों को रद्द कर दिया है। जारी किए गए नोटिफिकेशन के अनुसार बोरतलाव से दरेकसा एवं गुदमा से गोंदिया के बीच समपार फाटक रेलखंड पर आरएच गर्डर के डी लांचिंग कार्य के लिए ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक शुरु कर दिया गया है। यह कार्य शुक्रवार की रात 23.00 बजे से 7 मार्च की सुबह 2 बजे तक डाउन लाइन पर तीन घंटे तथा 6 मार्च की रात 23.00 बजे से 7 मार्च की सुबह 2.30 बजे तक अप लाइन पर 3 घंटे 30 मिनट का ब्लाक लिया गया है। इसके कारण करीब 13 ट्रेनों का परिचालन प्रभावित हुआ है।

### रद्द की जाने वाली ट्रेनें आज तक

68721 रायपुर-डोंगरगढ़ मेमू, 68723 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू, 68724 गोंदिया-रायपुर मेमू, 68741 दुर्ग-गोंदिया मेमू, 68742 गोंदिया-दुर्ग मेमू, 68743 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, 68744 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू, 68711 डोंगरगढ़-गोंदिया मेमू, 68713 गोंदिया-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, 68716 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-गोंदिया मेमू। 68712 गोंदिया-डोंगरगढ़ मेमू, 68715 बालाघाट-नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी मेमू, 68714 नेताजी सुभाषचंद्र बोस इतवारी-बालाघाट मेमू शामिल है।

### चौथी लाइन कनेक्टिविटी से 10 ट्रेनें रद्द

हावड़ा-मुम्बई मुख्य लाइन पर स्थित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर डिवीजन के बिलासपुर से झारसुगुड़ा सेक्शन के बीच चौथी लाइन का निर्माण किया जा रहा है। इसके तहत बिलासपुर से चांपा सेक्शन के मध्य अकलतरा स्टेशन में चौथी लाइन कनेक्टिविटी करने प्री नॉन और नॉन इंटरलाकिंग का कार्य किया जाएगा, जिसकी वजह से 10 ट्रेनों के पहिए थमे रहेंगे।




## खबर संक्षेप

### 760 मीट्रिक टन वंजन गर्डर की सफलतापूर्वक लांचिंग



**बिलासपुर।** एसईसीआर की गतिशक्ति विभाग ने रेलखंड पर रोड ओवरब्रिज निर्माण के दौरान 72 मीटर स्पान और 760 मीट्रिक टन वजन बी स्ट्रिंग गर्डर को अभिनव तकनीक के माध्यम से सफलतापूर्वक स्थापित किया है। घनी आबादी वाले वारासिवनी क्षेत्र में सीमित कार्यस्थल, स्क्यू एलाइनमेंट, रेल लाइन के समीप भवनों की उपस्थिति तथा परिचालन सुरक्षा जैसी चुनौतियों के कारण पारंपरिक विधि से गर्डर लांचिंग करना कठिन था। चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए 1600 मीट्रिक टन क्षमता वाली क्रॉलर माउंटेड क्रेन का उपयोग कर 760 मीट्रिक टन वजनी बो स्ट्रिंग गर्डर को सीधे उठाकर निर्धारित स्थान पर स्थापित किया गया।

### कांग्रेस ने मनाई पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह व बीआर यादव की पुण्यतिथि



**बिलासपुर।** शुक्रवार को इंदिरा कांग्रेस भवन में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन सिंह व पूर्व विधायक बी आर यादव के छाया चित्र पर माल्यार्पण क्र श्रद्धा सुमन अर्पित क्र श्रद्धांजलि दी गई। बृहस्पति बाजार स्थित बी आर यादव की प्रतिमा पर माल्यार्पण क्र श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सिद्धांशु मिश्रा, जिला ग्रामीण कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष महेंद्र गंगोत्री ने भी संबोधित कर दोनों नेताओं के योगदान पर प्रकाश डाला। उक्त कार्यक्रम में संयोजक सैयद जफर अली, पूर्व शहर अध्यक्ष विजय पाण्डेय, पूर्व महापौर राम शरण यादव, प्रदेश प्रवक्ता अभयनारायण राय, राकेश शर्मा, विनोद साहू, हरीश तिवारी, सुभाष ठाकुर, जीतेन्द्र पाण्डेय,माधव उत्तलवार, दीपक रचेलवार, अजय यादव आदि मौजूद थे।

### अखण्ड नवधा रामायण पर निकली शोभायात्रा, मानस मंडलियां देंगी प्रस्तुति

**बिलासपुर।** अखण्ड नवधा रामायण समिति, ग्राम-परसदा (लखराम) द्वारा 6 मार्च से अखंड नवधा रामायण का आयोजन किया जा रहा है। इसका शुभारंभ 6 मार्च को कलश यात्रा से की गई। अखंड नवधा रामायण कथा स्थल बजरंग चौक गोड़पारा परसदा में रामकथा 6 मार्च से प्रारंभ किया गया। इससे पहले कलशयात्रा निकाली गई। कथा विश्राम 15 मार्च को है एवं हवन, सहस्त्रधारा एवं भंडारा 16 मार्च को होगा। समिति ने इस नवधा रामायण में आस-पास के ग्रामीण क्षेत्रों से मानस मंडली व श्रद्धालु श्रोतागण को आमंत्रित किया है जिसमें मानस मंडली कलाकार गायन , वादन ,संगीतमय प्रवचन एवं भजन प्रस्तुत करने पहुंचेंगे। इस आयोजन के मुख्य आचार्य कन्हैया लाल मिश्र अकलतरी वाले हैं। इस आयोजन के मुख्य यजमान भीष्मक राम केवट, रामेश्वरी केवट,नरेश केवट व अनीता केवट है। मंचसंचालक रामकृष्ण केवट, काशी प्रसाद केवट, नंद कुमार ध्रुव, धनेश्वर प्रसाद केवट, रोहीत व संतोष ध्रुव हैं।



### ट्रेलर को रोक 2 युवकों ने की लूटपाट पुलिस ने आरोपियों को किया गिरफ्तार

**बिलासपुर।** एनटीपीसी सीपत से राखड़ लेकर दुर्ग जा रही ट्रेलर को रोककर नकदी व मोबाइल की लूटपाट करने वाले दो युवकों को पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने युवकों से एक कार और नकदी सहित लूटपाट के सामान बरामद कर लिया है। घटना के अनुसार जिला जम्मुई बिहार का रहने वाला पिन्टु कुमार यादव पिता सुधीर यादव उम्र 22 साल ट्रेलर चलाता है। 6 मार्च को रात 2 बजे एनटीपीसी सीपत से ट्रेलर क्रं सीजी 10 बीवाई 9976 व चार अन्य ट्रेलर में राखड़ लोड कर दुर्ग जा रहे थे। रायपुर बिलासपर रोड़ के टोयटा शोरूम के सामने करीब रात 3 बजे आरोपी सुमीत दुबे और यशराज यादव कार क्रं. सीजी 10 बीजे 9996 में पहुंचे और ट्रेलर के सामने कार लड़ा कर ट्रेलर को रोक लिया। दोनों युवकों ने पहले ट्रेलर में लोड राखड़ के पेपर की मांग की। इस दौरान युवक ड्राइवरों को धमकी देते हुए पैसा की मांग की और नहीं देने पर धक्का मुक्की करते हुए वाहन की बिल्टी, मोबाईल और 1000 रूपये लेकर भाग खड़े हुए। पुलिस ने प्रार्थी क शिकायत पर कार्रवाई करते हुए अभिषेक विहार मंगला निवासी यशराज यादव पिता गिरिराज यादव उम्र 22 वर्ष, और सुमित दुबे पिता कमलेश दुबे उम्र 27 वर्ष को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

# रतनपुर को मिली बड़ी सौगातः 9.32 करोड़ से बनेगा आधुनिक डेमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के ऐतिहासिक नगर रतनपुर को एक बड़ी विकासात्मक सौगात मिली है। केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की पहल और सतत प्रयासों से रतनपुर में आधुनिक तकनीक आधारित डेमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट को स्वीकृति प्रदान की गई है।

इस परियोजना के लिए 09.32करोड़ की केंद्रीय सहायता स्वीकृत की गई है। नई दिल्ली में आयोजित सेंट्रल सैंक्शनिंग एंड मॉनिटरिंग कमेटी की बैठक में इस परियोजना को टेक्नोलॉजी एंड इनोवेटिव सब-मिशन के अंतर्गत मंजूरी दी गई। यह परियोजना रतनपुर में आधुनिक और उन्नत निर्माण तकनीकों के उपयोग से आवास निर्माण का एक आदर्श मॉडल प्रस्तुत करेगी। स्वीकृत परियोजना के अंतर्गत जी प्लस - 2 मॉडल पर कुल 40 आवासीय इकाइयों का निर्माण किया जाएगा। प्रत्येक आवासीय इकाई का कार्पेट एरिया 28.57 वर्गमीटर तथा प्लिंथ एरिया 42.79 वर्गमीटर निर्धारित किया गया है। यह परियोजना सामाजिक कल्याण गतिविधियों के लिए रेंटल मॉडल पर विकसित की जाएगी। परियोजना में आवासीय इकाइयों के साथ डाइनिंग रूम व किचन, कार्यालय कक्ष (टॉयलेट सहित), गतिविधि कक्ष, मेडिकल रूम (टॉयलेट सहित), केयरटेकर कक्ष (टॉयलेट सहित), लॉन्ड्री रूम सहित आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान किया गया है। साथ ही एक सामुदायिक भवन का भी निर्माण किया जाएगा, जिससे सामाजिक और सामुदायिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। परियोजना का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन बिल्डिंग मटेरियल्स एंड टेक्नोलॉजी प्रमोशन काउंसिल द्वारा तैयार किया गया है, जिसे डेमोंस्ट्रेशन हाउसिंग प्रोजेक्ट 2018 के संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुरूप पाया गया है। इस महत्वपूर्ण स्वीकृति पर केंद्रीय राज्यमंत्री श्री साहू ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सम्मानजनक आवास उपलब्ध कराने का संकल्प तेजी से साकार हो रहा है। उन्होंने कहा कि रतनपुर में स्वीकृत यह परियोजना आधुनिक निर्माण तकनीकों का एक उत्कृष्ट उदाहरण बनेगी, जिससे प्रदेश में किफायती और गुणवत्तापूर्ण आवास निर्माण को नई गति मिलेगी। साथ ही स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और क्षेत्र के समग्र विकास को भी मजबूती मिलेगी।



■ केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन की पहल से मिली स्वीकृति

### कंपनी गार्डन के सामने बनाए जा रहे डिवाइडर की उंचाई जरूरत से ज्यादा

# 32 करोड़ की सड़क.. और बोहनी ही खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच 32 करोड़ रूपए की लागत से बनाई जा रही सड़क की बोहनी ही खराब नजर आ रही है। कंपनी गार्डन के सामने बनाए जा रहे डिवाइडर की ऊंचाई जरूरत से ज्यादा कर दी गई है। लोक निर्माण विभाग के अनुसार सड़क पर दस मीटर लंबाई में डिवाईडर बनाया जा चुका है, जिसे ठीक करने अब ऊपर से हाईट कम की जाएगी।

■ दस मीटर बन चुका, अब फिर होगी तोड़फोड़

लोक निर्माण विभाग द्वारा नेहरू चौक से दर्रीघाट के बीच बनाई जा रही सड़क का शहर के भीतर दो किनारों से निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है। इसके अंतर्गत जूना बिलासपुर की ओर सड़क अत्यधिक जर्जर होने के कारण सुलभ आवागमन के हिसाब से सड़क के एक ओर डामरीकरण कर दिया गया है, वहीं नाली निर्माण भी जारी है। दूसरे छोर पर विभाग द्वारा कंपनी गार्डन के सामने रोड डिवाइडर का निर्माण किया जा रहा है। इसकी ऊंचाई इतनी अधिक कर दी गई है, कि यह देखने में ही असहज नजर आ रहा है। विभाग के अनुसार अब आगे की ओर सड़क पर डिवाइडर की हाइट कम रखी जाएगी।

**← ये है मामला →**

कंपनी गार्डन के सामने बनाया जा रहा डिवाइडर वैसे तो स्टीमेट के अनुरूप ऊंचाई में ही बनाया जा रहा है, लेकिन ठेकेदार के द्वारा इसमें अपना दिमाग लगा दिया गया है। विभागीय सूत्रों के अनुसार ठेकेदार के द्वारा डिवाइडर के लिए की जाने वाली खुदाई चार इंच कम की गई है, जिससे इसकी हाइट अब ऊपर की ओर चार इंच अधिक नजर नजर आ रही है।

**अब आगे क्या**

लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों का कहना है कि वैसे तो मार्ग में चार इंच का डामरीकरण करने के दौरान हाइट वैसे भी सामान्य हो जाएगी, लेकिन प्रयास ये किया जाएगा कि उससे पहले ही यह सुधार लिया जाए। अब ऐसे में डिवाइडर को ऊपर की ओर से चार इंच काटकर हाइट एडजस्ट करने की तैयारी चल रही है। हैरत की बात यह है कि इतनी बड़ी लागत वाली सड़क की देखरेख में इतनी बड़ी चूक कैसे हो गई कि ठेकेदार की गलती का विभाग के अधिकारियों को सही समय पर पता ही नहीं चल पाया।

**सुधरवाया जाएगा**

कंपनी गार्डन के पास बन रहे रोड डिवाइडर की हाइट में चार इंच का अंतर आ रहा है, जिसे सुधरवा लिया जाएगा।

**-आदित्य ग्रोवर**
एसडीओ

# साढ़े 6 लाख के जेवरात सहित पकड़े गए आरोपी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



गिरफ्तार आरोपी।

आपरेशन यात्री सुरक्षा अभियान चलाकर आरपीएफ की टीम ने यात्री की शिकायत पर ट्रेनों में सघन जांच करते हुए साढ़े 6 लाख के चोरी के जेवरात सहित आरोपियों को पकड़ा है। आरोपियों के पास से जेवरात जब्त करने के बाद अग्रिम कार्रवाई के लिए जीआरपी के सुपुर्द कर दिया गया है।

रेलवे बोर्ड और एसईसीआर के आरपीएफ महानिरीक्षक के आदेश पर जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर में आपरेशन सुरक्षा अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत यात्रियों के सामानों की चोरी की शिकायत पर जीआरपी के साथ आरपीएफ की टीम भी सभी ट्रेनों के अलावा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म, सर्कुलेटिंग एरिया में छानबीन करते हुए आरोपियों की धरपकड़ कर रही है। इसी तरह की शिकायत 11754 रींवा से इतवारी के बीच चलने वाली एक्सप्रेस में मिली। यात्री एसी कोच बी 3 के बर्थ नम्बर 12, 15 पर अपने परिजन सहित सफर कर रहे थे। इस दौरान यात्री की नींद खुली तो उसने बर्थ के नीचे रखा हुआ बैग गायब देखा। बैग के अंदर रखे ज्वेलरी बॉक्स में करीब 6 लाख 68 हजार रुपए के सोने-चांदी के जेवरात रखे हुए थे। यात्री ने इसकी शिकायत जीआरपी में की, जिसे क्षेत्राधिकार के आधार पर दूसरे स्टेशन के जीआरपी को शून्य में ट्रांसफर कर दिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए आरपीएफ के सीनियर डीएससी आदेश पर लोकल पुलिस से सहयोग लिया गया। इस दौरान आरोपियों की खोजबीन करने के लिए विशेष टास्क टीम एवं क्राइम ब्रांच टीम का गठन किया गया। स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज में संदिग्ध की पहचान करने के बाद दिल्ली की ओर जाने वाली ट्रेनों एवं आसपास के प्रमुख स्टेशन पर सर्च अभियान चलाया गया। आधार कार्ड और मोबाइल नम्बर के आधार पर लोकेशन ट्रेन पर मप्र के कटनी व मैहर क्षेत्र में आरोपियों के होने की जानकारी मिली।

आरपीएफ की टीम ने कटनी पहुंचकर संबंधित स्टेशन के आरपीएफ व लोकल पुलिस के सहयोग से आरोपी रायबरेली उत्तरप्रदेश निवासी संतोष कौशल 40 साल, बेंगूसराय बिहार निवासी गोविंद कुमार महतो 32 साल, मुंगेर बिहार निवासी टुन्ना मंडल और बेगूसराय निवासी मोहम्मद इम्तियाज 48 साल को पकड़कर जीआरपी के सुपुर्द किया गया।

# तलवार, चाकू के साथ तीन युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** होली पर्व के मद्देनजर पुलिस ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कार्रवाई की। अलग-अलग मामलों में गुंडा-बदमाशों पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई, अवैध शराब जब्ती, चाकू दिखाकर डराने वालों से लेकर संदिग्ध लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई। पुलिस ने कई आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। मारपीट करने वाले एक दर्जन युवक पकड़े गए ई-रिक्शा में शराब ले जा रहा युवक पकड़ा गया

थाना कोनी पुलिस ने होली पर्व के दौरान संभावित विवाद और मारपीट की घटनाओं को रोकने के लिए चार गुंडा बदमाशों पप्पू उर्फ राहुल दास मानिकपुरी, राधेश्याम लोनिया, राजू सूर्यवंशी और गौतम सूर्यवंशी के खिलाफ बीएनएसएस की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत कार्रवाई की। सभी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। सीपत पुलिस ने भी होली के दौरान हुड़दंग करने वाले चार बदमाशों अरुण कुमार लहर्षण उर्फ चुटाली, सूरज सूर्यवंशी, उमेश केसर और दिलीप कुर्रे को गिरफ्तार कर धारा 170 बीएनएसएस के तहत जेल भेज दिया। सरकंडा पुलिस ने ईमलीभाठा बंधवापारा क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए ई-रिक्शा में लेकर जा रहे 141 पाव देशी प्लेन शराब जब्त कर शेखर गढ़वाल को गिरफ्तार कर लिया, जबकि उसका भाई मौके से फरार हो गया। पुलिस ने ई-रिक्शा जब्त कर आरोपी को न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। शहर के अलग-अलग क्षेत्रों में गुंडा-बदमाश, शराब तस्कर और चाकूबाजों के खिलाफ कार्रवाई की है।

पुलिस पेट्रोलिंग के दौरान कई चाकूबाजों को पकड़ा गया। सरकंडा क्षेत्र में राहुल उर्फ रूपेश गोंड, सूरज उर्फ मोनू ध्रुव और छोटू उर्फ दीपक ठाकुर को चाकू दिखाकर लोगों को डराने के आरोप में पकड़ लिया। सिविल लाइन क्षेत्र में लखन साहू के कब्जे से बटनदार चाकू और समर बोरकर के पास से धारदार हथियार जब्त किया गया। सभी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। सरकंडा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि विजयापुरम गेट के पास एक व्यक्ति तलवार लेकर घूम रहा है, जिससे क्षेत्र में अशांति की स्थिति उत्पन्न हो सकती है। सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर उक्त व्यक्ति को पकड़ लिया। उसने पूछताछ में अपना नाम कीर्ति कुमार पोर्ते बताया। आरोपी के कब्जे से एक तलवार बरामद कर जब्त कर लिया। उसके विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अग्रिम वैधानिक की गई है।

# जमीन पर जबरिया कब्जा आदतन बदमाश पर जुर्म दर्ज

### दुकान संचालक ने 16 साल पहले खरीदी थी जमीन



■ मस्तुरी थाना की घटना

**बिलासपुर।** मस्तुरी क्षेत्र के आदतन बदमाश और फरार आरोपी टाकेश्वर पाटले के खिलाफ एक बार फिर जमीन हड़पने का मामला दर्ज किया गया है। टाकेश्वर ने 64 वर्षीय होम्योपैथी दवा दुकान के संचालक की जमीन पर जबरिया कब्जा कर लिया है। प्रार्थी ने मस्तूरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दयालबंद निवासी नब कुमार मंडल पिता स्व चंडिचरण मण्डल होम्योपैथिक दवा दुकान का संचालक है। उन्होंने साल 2010 में मस्तूरी निवासी बहादूर पिता जरावत सतनामी की दर्रीघाट स्थित जमीन खसरा नंबर 138/2,138/3,138/4 कुल रकबा लगभग 0.445 हेक्टेयर भूमि को अपने दो बेटी के नाम पर रजिस्ट्री कर खरीदी की थी। साल 2022 में टाकेश्वर पाटले ने उक्त जमीन पर कब्जा कर लिया और घेराबंदी कर अपना बोर करा लिया। इसके बाद से मामला राजस्व कार्यालय और थाने में रहा है। साल 2024 में सीमांकन के लिए पहुंचे राजस्व अधिकारी एवं पटवारी पंचनामा करने पहुंचे लेकिन टाकेश्वर पाटले ने उन्हें जमीन पर पैर रखने नहीं दिया। प्रार्थी ने परेशान होकर पुलिस अधीक्षक से इसकी शिकायत की। जिस पर पुलिस ने राजस्व अधिकारियों से जून 2024 में पंचानामा करवाया है। जिसमें उल्लेखित है कि संबंधित भूमि पर टाकेश्वर पाटले द्वारा जालीदार तार से घेराबंदी कर अवैध कब्जा किया गया है तथा कृषि (जोताई) कार्य किया जा रहा है। टाकेश्वर पाटले बलपूर्वक, आपराधिक षड्यंत्र के तहत, भूमि पर अवैध अतिक्रमण कर चुका है और कब्जा हटाने से इंकार कर रहा है। भारतीय न्याय संहिता की धारा 329, 316, 318, 351 तथा अन्य प्रासंगिक धाराओं के अंतर्गत दंडनीय अपराध की श्रेणी में आने पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की खोजबीन शुरू कर दी है।

# दो गुटों में सिर फुटव्वल तीन युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** कानून व्यवस्था को चुनौती देते हुए सरेराह युवक एक दुसरे से भीड़ गए। मामला देखते ही देखते इतना बढ़ गया कि युवकों ने एक दुसरे मुक्के लात के साथ ही पत्थर से वार करना शुरू कर दिया जिसमें एक युवक बुरी तरह से घायल हो गया। वहीं इस घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा तफरी का माहौल हो गया। घटना का विडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने 3 युवकों की पहचान कर हिरासत में ले लिया है।

■ लालखदान चौक पर गुरूवार की शाम हुई थी झड़प

मामला तोरवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत देवरीखुर्द का है। आसपास के लोगों ने बताया कि गुरूवार की शाम से ही कुछ युवक आपस में बहस कर रहे थे, इस दौरान युवक एक दूसरे को गाली दे रहे थे, देखते ही देखते आपसी झड़प हिसंक रूप लेने लगा और विवाद बढ़ते ही युवक एक-दूसरे पर लात और घंसे चलाने लगे, कुछ युवकों ने हाथ में पत्थर लेकर एक युवक को मारते रहे। सड़क के बीचों-बीच हुई घटना के बाद इलाकें में सनसनी फैल गई और लोग सहम गए। युवकों के बीच हो रहे विवाद को देख कुछ लोग युवक को छोड़ाने में लगे रहे, लेकिन युवक मारपीट पर ही उतारू थे और क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई। घटना का विडियो वायरल होने के बाद तोरवा पुलिस ने 3 युवकों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सभी युवक देवरीखुर्द और लालखदान के आसपास रहने वाले है और नशे के आदी है।

नशे के कारण ही मामूली विवाद अचानक उग्र हो गया था। पुलिस ने मामले में शोबित निषाद, जय कुमार केंवट, नंद किशोर यादव को हिरासत में लिया है और अन्य युवकों की तलाश की जा रही है।

**की जा रही पूछताछ**

पुलिस के पास अन्य स्तोत्र से विडियो मिला था, मौके पर पतासाजी की गई है, जिसमें 3 युवकों की पहचान हो सकी है। तीनों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

**-अभय सिंह,** टीआई, तोरवा

### लापता ग्रामीण की लाश लीलागर नदी में मिली

**बिलासपुर।** मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार चौकी अंतर्गत लीलागर नदी में गुरुवार सुबह एक ग्रामीण की लाश मिली। ग्रामीण तीन दिनों से लापता था, जिसकी तलाश परिजन और ग्रामीण कर रहे थे। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकालकर पीएम के लिए भेज दिया। मामले की जांच जारी है। मस्तूरी थाना क्षेत्र के मल्हार चौकी अंतर्गत गुरुवार सुबह जब ग्रामीण लीलागर नदी के किनारे पहुंचे तो उनकी नजर एक लाश पर पड़ी। उन्होंने इसकी सूचना सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला। पहचान कराए जाने पर मृतक की पहचान ईश्वर केंवट (59 वर्ष) पिता छोटू केंवट, निवासी वार्ड नंबर 10 नंदमहल इमलीपारा मल्हार के रूप में हुई। वह 2 मार्च की शाम 5 बजे से अग्रवाल के प्लॉट (फार्म हाउस) से लापता था। उनके लापता होने के बाद परिजन और ग्रामीण लगातार उनकी तलाश कर रहे थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में डूबने से मौत की आशंका जताई जा रही है, हालांकि मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## एजुकेशन प्लस

### दी न्यू इंडिया स्कूल की प्रीति और उदय का इंस्पायर अवार्ड के लिए चयन





**बिलासपुर।** दी न्यू इंडियर हायर सेकेंडरी स्कूल के दो मेधावी छात्र-छात्रा प्रीति महाना एवं उदय टंडन का चयन इंस्पायर अवार्ड 2025-26 की छत्तीसगढ़ राज्य सूची में किया गया है। यह सम्मान भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा उनके अभिनव प्रोजेक्ट के लिए प्रदान किया गया है। इंस्पायर अवार्ड योजना का उद्देश्य देशभर के विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, नवाचार एवं शोध के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना है। इस प्रतिष्ठित योजना के अंतर्गत चयनित होने पर विद्यार्थियों को अपने वैज्ञानिक विचारों और नवाचारों को आगे विकसित करने का अवसर प्राप्त होता है। प्राचार्य ने बताया कि इस विद्यालय के छात्र-छात्रा प्रीति महाना और उदय टंडन ने अपने अभिनव प्रोजेक्ट के माध्यम से उत्कृष्ट प्रतिभा एवं विद्यालय परिवार इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर दोनों विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ देता है।

### एसएम ग्लोबल पब्लिक स्कूल छात्रवृत्ति परीक्षा 29 को

**बिलासपुर।** एसएम ग्लोबल पब्लिक स्कूल दयालबंद द्वारा शिक्षा को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए माता कृष्णा रानी चावला स्मृति शिक्षा सहायता योजना के अंतर्गत कक्षा 1 से 10 वीं तक के विद्यार्थियों के लिए 100% छात्रवृत्ति परीक्षा 29 मार्च को आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा का उद्देश्य मेधावी एवं आर्थिक रूप से जरूरतमंद विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का अवसर प्रदान करना है। विद्यालय प्रबंधन का मानना है कि आर्थिक स्थिति किसी भी बच्चे की शिक्षा में बाधा नहीं बननी चाहिए। इसी सोच के साथ यह विशेष छात्रवृत्ति परीक्षा आयोजित की जा रही है। इस परीक्षा के माध्यम से चयनित विद्यार्थियों को 100% तक की छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे वे निःशुल्क शिक्षा प्राप्त कर अपने भविष्य को सशक्त बना सकें। अधिक जानकारी के लिए संस्था से संपर्क कर सकते हैं।

## हेल्थ प्लस

### श्री विजय वंदना अस्पताल के डाक्टरों ने किया सिर का सफल आपरेशन



**बिलासपुर।** श्री विजय वंदना अस्पताल की मेडिकल टीम ने कठिन एवं चुनौतीपूर्ण सर्जरी को सफल अंजाम तक पंहुचाया। ग्राम भतरी तखतपुर के निलेश कुमार घृतेश 28 वर्ष के सिर पर होली के दौरान बच्चों द्वारा अंडे फोड़ दिया गया। जिसे साफ करने के लिए निलेश ने गली की बाउंड्रीवाल के दीवार पर लटके कपड़े को खींचकर निकालने की कोशिश की। इस दौरान बॉउंड्री दीवार की सीमेंट जिसमे खील लगी हुई थी, वह कपड़े के साथ उखड़ कर निलेश के सिर पर गिर गई और उस पर लगी खील नीलेश के सिर पर धस गई। नीलेश को श्री विजय वंदना अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां डॉ. विजय कुमार, न्यूरोसर्जन ने इस चुनौतीपूर्ण केस की सफल सर्जरी कर उस खील को निकाला। निलेश को अभी गहन चिकित्सा यूनिट में डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है और उसकी स्थिति अब स्थिर बताई जा रही है। मरीज के परिजनों ने इस सफल ऑपरेशन के लिए डॉ. विजय कुमार एवं टीम का सह धन्यवाद दिया है।

### जेंठा से सक्ती के बीच चौथी लाइन पर चलेगी ट्रेनें

**बिलासपुर।** देवरी से बाराद्वार और जेठा से सक्ती के बीच चौथी लाइन का कार्य पूरा कर लिया गया है, जिसपर मालगाड़ियों कें अलावा यात्री गाड़ियों का परिचालन शुरु किया जाएगा। एसईसीआर के बिलासपुर डिवीजन अंतर्गत नई रेल लाइन निर्माण, दोहरीकरण व तृतीय एवं चौथी लाइन परियोजना का काम किया जा रहा है। इसके तहत बिलासपुर से झारसुगुड़ा के बीच 206 किलोमीटर लंबी विद्युतीकृत चौथी रेल लाइन निर्माण कार्य के तहत सारागांव से देवरी, देवरी से बाराद्वार और बाराद्वार से जेठा के अलावा जेठा से सक्ती स्टेशन के बीच 22.2 किलोमीटर लंबी लाइन का निर्माण कार्य सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। इंटरलाकिंग सहित सभी आवश्यक तकनीकी कार्यों को पूरा करने के बाद दक्षिण पूर्व सर्किल के आयुक्त रेलवे सेफ्टी बीके मिश्रा ने नई रेल लाइन का निरीक्षण किया।

**Maharishi University of Management and Technology**
Mangla, Bilaspur, Chhattisgarh- 495001
(Established under Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operations) (Amendment) Act 2018)

Advt. No.:2026/MUMT/Rect./Admin

**APPOINTMENT**

Online applications are invited from the Eligible Candidates for appointment to **the post of Registrar, Maharishi University of Management and Technology, Mangla, Bilaspur.**

**Eligibility:** Master's Degree with at least 55% of marks or anequivelent grade in a point scale wherever grading system is followed. At least 15 years of experience as Assistant Professor in the Academic Level 11 and above or with 8 years of service in the Academic Level 12 and above including as Associate Professor along with 3 years of experience in educational administration. **Or** Comparable experience in research establishment and/or other institutions of higher education. **Or** 15 Years administrative experience of which 8 years shall be as Deputy Registrar or and equivalent post.

**Desirable Key Skills**
- Clear understanding of University Act, Statutes and Ordinances.
- Dealing with the issues relating to the faculty, students and administrative staff and also in handling legal, financial, administrative and accreditation matters.

Interested candidate may apply online throuth **email id hrd@mumt.net** within 10 days of the publication.

**Maharishi University of Management and Technology**
Maharishi Road, Mangla, Bilaspur (CG), Ph-07752414301,
Email:hrd@mumt.net, Website:www.mumt.org

हरिभूमि लाइव

बिलासपुर, शनिवार 7 मार्च 2026

Email id- haribhoomibsp@gmail.com

Whats App - 6263190692, 8305922255



रास-गरबा व खेल का लिया आनंद

# होली पर बिखरे रंग, गूंजे फाग, ठंडाई का लिया आनंद

बिलासपुर। रंगों का महापर्व होली बुधवार को मनाया गया, शहर में लोगों ने एक दूसरे को रंग व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। गली-मोहल्ले में बच्चों की टोली ने जमकर मस्ती की। जगह-जगह डीजे बजाकर युवाओं ने जमकर धमाल मचाया। महिलाओं ने भी होली पर जमकर होली खेलते हुए खूब मस्ती की। शहर में होली मिलन व फाग उत्सव के विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित किए गए जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने खूब रंग खेला।



## होली उत्साह उमंग का संदेश देती है : डॉ पाठक

छत्तीसगढ़ी राजभाषा परिषद् द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन संस्कार भवन पुराना सरकंडा में किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के पूर्व अध्यक्ष डॉ विनय कुमार पाठक के मुख्य आतिथ्य, डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे की अध्यक्षता में किया गया। इसमें सनत तिवारी, डॉ रमेश चन्द्र श्रीवास्तव, डॉ गजेन्द्र तिवारी एवं हेमंत कुमार गौर विशिष्ट अतिथि थे। इस अवसर पर कवि गायक राम निहोरा राजपूत, सुखेन्द्र श्रीवास्तव, कांति कुमार दुबे, एमडी मानिकपुरी, सतानंद दुबे, डॉ विवेक तिवारी एवं साथियों ने फाग गीतों की संगीतमय प्रस्तुति दी। वहीं होली पर केन्द्रित कविता का पाठ राजेश कुमार सोनार, हेमंत कुमार गौर, डॉ राघवेन्द्र कुमार दुबे, शीतल प्रसाद पाटनवार द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि डॉ विनय कुमार पाठक ने कहा कि होली का पर्व जीवन में उत्साह उमंग का रंग बिखेर कर जीवन जीने की प्रेरणा देता है । अंत में आभार प्रदर्शन डॉ शत्रुघन जेसवानी ने किया। इस अवसर पर सुरेश बैस, अवधेश गुप्ता, महेन्द्र दुबे, अभिषेक दुबे, हर्ष दुबे, आशीष श्रीवास आदि मौजूद थे।

## अग्रवाल समिति का हर आयोजन शिक्षाप्रद



अग्रवाल महिला समिति, लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन सहित अन्य संगठनों ने शुक्रवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इसमें सदस्यों ने गुलाल व फूलों की जमकर होली खेली। होली पर आधारित कई तरह के गेम का आनंद लिया गया। इससे पूरा माहौल होलीमय बना रहा।

अग्रवाल महिला समिति ने जूनी लाइन स्थित अग्रसेन भवन में निकिता संजय अग्रवाल एवं तरल रामगोपाल गर्ग की मुख्य आतिथ्य में होली मिलन समारोह आयोजित किया। सबसे पहले भगवान महराज अग्रसेन की प्रतिमा पर माल्यार्पण व पूजा कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अध्यक्ष रंजना अग्रवाल ने उपस्थित सभी पदाधिकारियों व समाज की महिलाओं को होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इसके बाद रंगों पर आधारित हाऊजी व लकी गेम खेला गया। गेम के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। पंचुअल्टी का इनाम सुमिता अग्रवाल, पूजा अग्रवाल, जूही वामलिया, माही मोदी को मिला। श्वेता अग्रवाल को मूर्खाधिराज की उपाधि दी गई। इस मौके पर अध्यक्ष रंजना अग्रवाल, सचिव वंदना जाजोदिया सहित कार्यकारिणी सदस्य एवं समाज की दो सौ महिलाओं की उपस्थिति रही।

### एक-दूसरे से मिलने का मिलता है अवसर : निकिता

मुख्य अतिथि निकिता संजय अग्रवाल ने कहा कि अग्रवाल महिला समिति का हर आयोजन बहुत ही आकर्षक व शिक्षाप्रद होता है। ऐसे आयोजनों से समाज की महिलाएं एक जगह एकत्र होती हैं और सभी को एक-दूसरे से मिलने का अवसर मिलता है। मुझे भी उनके इस समारोह में आकर बहुत अच्छा लगा और बहुत कुछ सीखने को मिला। उन्होंने इस बात पर खुशी जताई कि आज अग्रवाल समाज हर जगह अपनी जगह बना ली है। समाज की अपनी एक पहचान है।

### जीवंत झांकी रही दर्शनीय

अतिथि तरल रामगोपाल गर्ग ने कहा कि कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण राधा-कृष्ण की जीवंत झांकी रही। राधा-कृष्ण के साथ महिलाओं का रास-गरबा देख कर अच्छा लगा। राधा-कृष्ण का ड्रेसअप व रास गरबा ने तो कार्यक्रम में चार चांद लगा दिया। राधा की वेश में रूपल निशानिया एवं कृष्ण के वेश में तान्या जाजोदिया रही।



## सीए एसोसिएशन का होली मिलन

सीए एसोसिएशन द्वारा चार्टर्ड अकाउंटेंट्स एवं उनके परिवार जनों के लिए होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं परिवार जनों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए व बच्चों के लिए रचनात्मक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में फूलो की होली खेली गई व पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लिया। सीए एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए मंगलेश कुमार पांडे और सेक्रेटरी उदय चौरसिया ने इस अवसर पर सभी सदस्यों एवं उनके परिवारों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन पेशेवर समुदाय में सामंजस्य, सहयोग एवं पारिवारिक जुड़ाव को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



## ज्येष्ठ नागरिक संघ का होली मिलन

ज्येष्ठ नागरिक संघ की मासिक बैठक होली मिलन के रूप में आयोजित किया गया। बैठक अनुभव भवन बृहस्पति बाजार में हुआ। इसके मुख्य अतिथि प्रवीण झा थे। संघ के अध्यक्ष अरविंद दीक्षित ने आगामी कार्यक्रम की जानकारी दी। मुख्य अतिथि श्री झा ने बुजुर्गों के सहयोग के लिए हमेशा तत्पर रहने की बात कही। यह कार्यक्रम समाजसेवी संस्था दिव्य दिशा संस्थान के अध्यक्ष गिरीश त्रिवेदी के साथ संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन सह सचिव बालगोविंद अग्रवाल एवं आभार प्रदर्शन उपाध्यक्ष डी के शर्मा ने किया। मासिक पत्रिका अनुभवम का विमोचन अतिथियों के साथ डॉ गायत्री पांडेय एवं डॉ बी पी चंद्रा एवं राघवेंद्र दीवान ने किया। बैठक में जन्म दिन वाले सदस्य नरेंद्र शर्मा, राजेंद्र सिंह चौहान, प्रकाश टांक, बी जी अग्रवाल, सपना गांगुली का उपहार देकर सम्मानित किया गया। बैठक में डी पी गुप्ता, अनिल व्यास, चंद्र प्रकाश देवरस, प्रभात मिश्रा, अरविंद दिवाकृति, हरीश मगर, डॉ सुधाकर बीबे, अशोक बोड़खे, आनंद डिग्रस्कर, कुमार भट्टाचार्य, शीला शर्मा, बंसीलाल गौड़ा, बसंत होनप, धन सिंह ठाकुर, एस के श्रीवास्तव चंपा भट्टाचार्य आदि मौजूद थे।



## युवा रंगोत्सव में जमकर उड़े गुलाल

युवा रंगोत्सव व फाग कार्यक्रम का आयोजन शुक्रवार को गोड़पारा स्थित मुन्नुलाल शुक्ल स्कूल के प्रागंण में आयोजित किया गया। इस मौके पर होलियाना माहौल में फाग गीतों से मंडली जमाई,गुलाल के रंग से हर कोई रंगा रहा। ठंडाई का अनांद लेकर इस उत्सव में जमकर लुफ्त उठाया। आयोजक राहुल सराफ ने बताया कि रंगों का यह पर्व लोगों को जीवन में भी खुशियां लाएं,होली की रंगों की तरह हर कोई सराबोर रहें।

## तोखन बने सदभावना भोकवाधिराज



सदभावना संस्था के वार्षिक होली उत्सव में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू को सदभावना भोकवाधिराज और राजेन्द को जोजवानंद घोषित किया गया।

संस्था द्वारा होली अलंकरण के विशेष पोशाक पहना कर केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू के सम्मान में तालियों की गूंज के बीच जब पढ़ा गया कि हे लोरमी क्षेत्र के राजा बेटा हीरा.. और उसी क्षेत्र के मितान मन के लगातार रह रह कर उठने वाले जबरदस्त पेट के पीड़ा.. आपका नाम सेठ जी की परिक्रमा के पराक्रम एवं सफेद कलफ धारी चेलों के सच्चा डेरा बदलने वाले एवं तिरसठ की जगह छत्तीस के आंकड़े का आभास कराने वाली सदाबहार गिरगिट टीम की सलाह से राजनैतिक गॉड फादर की जगह अपने ओरिजनल फादर का चरण स्पर्श करने वाले ठेठ गांव देहात की खुशबू लिए केंद्रीय शहरी विकास के रूप में सदभावना भोकवाधिराज के लिए श्री तोखन का नाम तय किया गया । दूसरे होली अलंकरण में लक्ष्मी जी की सवारी तुल्य लक्ष्मीपुत्र जैसे अनेक तीखे एवं हास्य व्यंग के वाचन से सदभावना जोजवानंद अलंकरण से राजेंद्र अग्रवाल राजू को विभूषित किया गया। मुख्य अतिथि श्री तोखन ने कहा कि वे रायपुर से विशेष रूप से केवल एक बार मिलने वाले भोकवाधिराज का अलंकरण को स्वीकार करने आए हैं । श्री साहू ने कहा कि उन्हें इस अलंकरण से आत्मवलोकन करने एवं होली की परम्परा की गरिमा के बोध हुआ है । बचपन में घर के बुजुर्ग बड़े प्यार से भोकवा संबोधित करते थे अब भोकवाधीराज अलंकरण मिलना मुझे गांव एवं उसकी परम्परा का बोध कराता है। श्री साहू ने सदभावना के विशिष्ठ परिधान चश्मा आदि को पहन कर अलंकरण स्वीकृति हेतु भोंपू बजाया। महापौर पूजा विधानी ने आयोजन की विविधता को बिलासपुर का गौरव बताया। इस अवसर पर कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें संजय शर्मा एवं डॉ अजय पाठक बालमुकुंद श्रीवास, अल्का अग्रवाल एवं डॉ रश्मि मिश्रा, गीतिका बांसुरीली, अंजली कश्यप के गायन ने खूब तालियां बटोरी। राजकुमार निर्मलकर की टीम के फाग गायन ने खूब वाहवाही लूटी।



## बच्चों के संग मनाया होली उत्सव

लायंस क्लब बिलासपुर मिडटाउन ने शनिचरी पड़ाव स्थित शासकीय प्राथमिक शाला में बच्चों के साथ होली उत्सव मनाया। बच्चों को खाद्य सामग्री तथा रंग गुलाल वितरित किया गया। बच्चों को सड़क सुरक्षा के अंतर्गत रोड क्रास करते समय ध्यान रखने योग्य बातें बताई गई। बच्चों को मोबाईल से होने वाले दुष्प्रभाव से अवगत कराया गया। इस अवसर पर अध्यक्ष लायन आरती साहू, सचिव नीना गरेवाल, कोषाध्यक्ष रचना ताम्रकार, सक्रिय सदस्य नागमणि राव एवं शिक्षिका प्रेमलता तिवारी उपस्थित रहीं।



## आश्रयनिष्ठा ने वृद्धाश्रम में मनाई होली

संस्था आश्रयनिष्ठा वेलफेयर सोसायटी के सदस्यों ने गरीब जरूरत मंद बच्चों के साथ व वृद्धाश्रम के बुजुर्गों के साथ होली का पर्व मनाया। संस्था द्वारा बच्चों को टोपी पहनाकर अबीर गुलाल लगाकर कार्यक्रम की शुरुआत की। उन्हें रंग गुलाल, पिचकारी, गुझिया, मिठाईयां इत्यादि वहीं वृद्ध जनों को भजिया, मिठाईयां भेंट स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष, नितिन त्रिपाठी, सचिव अरुणिमा मिश्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु कश्यप, रेणु रानी गौतम, मधु शुक्ला, अभिषेक बाजपेई सह सचिव गोविंद राय, मधु त्रिपाठी, लता कश्यप, खुशी त्रिपाठी जी उपस्थित रहे।





## प्रेस अभिकर्ता कल्याण संघ ने मनाई होली

प्रेस अभिकर्ता कल्याण संघ द्वारा राघवेंद्र हाल में रंगों का त्यौहार होली बड़े उत्साह के साथ धूमधाम से मनाया। सभी प्रमुख अभिकर्त्ता एवं अखबार वितरकों ने एक दूसरे को रंग व गुलाल लगा गले मिल होली पर्व की बधाई दिए। साथ ही कुल्फ़ी व फालूदा का आनंद लिए। इस अवसर पर प्रेस अभिकर्त्ता संघ के पदाधिकारी भरत यादव ,पवन सोनी, रणधीर राय, प्रहलाद कोरी, कामता गोश्वामी,खोरबहरा देवांगन, परदेशी यादव,ओंकार सिंह, राजेश्वर कश्यप, पुन्नी यादव, नन्दू सोनी नरेंद सोनी, पुरूषोंत्तम तिवारी, शिव कौशिक, अन्य अखबार वितरकों की उपस्थिति रही।

## समर्थगुरु धारा मैत्री संघ का होली उत्सव



समर्थगुरु संबोधि दिवस एवं होली मिलन उत्सव समर्थगुरु धारा छत्तीसगढ़ मैत्री संघ ने बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत ओशो और समर्थगुरु की फोटो पर माल्यार्पण के साथ किया गया। गुरुदेव की आरती करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इस उत्सव भरी शाम की आगाज आचार्य जगदीश सलूजा ने ध्यान के रंग में सभी साधकों को डुबाकर किया। स्वामी योगेश की संगीत की टीम ने उत्सव में रंग जमा दिया। इस पावन अवसर पर आचार्य पी पी सिंह और सबसे छोटी साधिका मां आराध्या पाण्डेय का जन्मदिन रंगों के संग सेलिब्रेट किया गया।

## माहेश्वरी महिला संगठन का भव्य रजत उत्सव



माहेश्वरी महिला संगठन के दो दिवसीय भव्य रजत उत्सव का आयोजन माहेश्वरी भवन में उत्साहपूर्वक हुआ। कार्यक्रम में अखिल भारतीय माहेश्वरी महिला संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मंजू बांगड़ तथा ज्योति राठी उपस्थित रहीं। प्रादेशिक अध्यक्ष शशीजी गट्टानी ने जिले की नवनिर्वाचित अध्यक्ष अंजना भूतड़ा एवं जिलासचिव सुधा मारदा का आत्मीय स्वागत किया। इस अवसर पर नीता माहेश्वरी को उनके कार्यकाल में दिए गए अभूतपूर्व सहयोग के लिए सम्मानित कर अवार्ड प्रदान किया गया। पूजा टावरी ने नवडायरी प्रतियोगिता में द्वितीय पुरस्कार प्राप्त किया।

## बसंत अलंकरण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आज

होली पंचमी का रंग बेलतरा सीपत के संग महोत्सव शनिवार 7 मार्च को शाम 6 बजे बाजपेयी परिसर विकास नगर 27 खोली में मनाया जाएगा। कार्यक्रम में इस वर्ष भी साहित्यिक, राजनीतिक, प्रशासनिक, लोक कला, संगीत व पत्रकारिता क्षेत्रों में विशिष्ट मनीषीयों को बसंत अलंकारों से क्रमशः बसंत विभूषण धरमलाल कौशिक विधायक बिल्हा, बसंत रत्न प्रो एडीएन बाजपेयी कुलपति अटल बिहारी विश्व विद्यालय बिलासपुर, बसंत लोक चक्र फिल्म निर्माता डॉ जेठू राम साहू, बसंतश्री तारणी शुक्ला उप संपादक हरिभूमि एवं बसंत लोक चक्र सम्मान से एस भारतीयन आईआरटीसी मंडल वाणिज्य प्रबंधक को अलंकृत किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर विधायक अमर अग्रवाल होंगे। अध्यक्षता युवा विधायक बेलतरा सुशांत शुक्ला करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर नगर निगम पूजा अशोक विधानी, सभापति विनोद सोनी एवं दीपक सिंह जिला अध्यक्ष भाजपा शहर बिलासपुर होंगे। उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक पूर्व विधायक चन्द्र प्रकाश बाजपेयी ने दी।

कार्यक्रम

## नवीन गर्ल्स कॉलेज में फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम 12 तक

**बिलासपुर।** शासकीय माता शबरी नवीन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय द्वारा 12 मार्च तक एक सप्ताह का फैकल्टी डेवलपमेंट प्रोग्राम आयोजित किया जा रहा है। यह कार्यक्रम "जेंडर इन्क्लूजन एंड इक्विटी इनिशिएटिव" विषय पर हाइब्रिड मोडमें प्रतिदिन दोपहर आयोजित किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ तथा आंतरिक शिकायत समिति के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है, जबकि इसे राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान द्वारा प्रायोजित किया गया है। कार्यक्रम की संरक्षक महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ नंदिनी तिवारी हैं। कार्यक्रम के संयोजक डॉ दीपक कुमार शुक्ला तथा सहसंयोजक डॉ राजकुमार पटेल एवं डॉ सुरेश के पटेल हैं। सलाहकार समिति में डॉ आरती सिंह ठाकुर, डॉ अर्चना शुक्ला, डॉ इसाबेला लकड़ा तथा डॉ शशिकला सिन्हा शामिल हैं। आयोजन सचिव के रूप में डॉ शोभा महीश्वर एवं डॉ. दीपिका महोबिया अपनी सेवाएँ प्रदान कर रही हैं। कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रतिष्ठित शिक्षाविदों, सामाजिक कार्यकर्ताओं एवं प्रशासनिक अधिकारियों को आमंत्रित किया गया है। मुख्य वक्ताओं के रूप में डॉ. उषाकिरण अग्रवाल तथा डॉ आरती सिंह ठाकुर अपने विचार प्रस्तुत करेंगी।

कार्नर न्यूज

## संकष्टी चतुर्थी पर गणेश मंदिरों में अभिषेक, पूजा









हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर के गणेश मंदिरों में संकष्टी चतुर्थी श्रद्धा व उत्साह से मनाई गई। सिद्धि विनायक की विशेष पूजा, अभिषेक कर सुख-शांति की कामना की गई। विशेष भोग लगा कर श्रद्धालुओं के बीच वितरण किया गया।

शहर के राम मंदिर तिलकनगर एवं रेल्वे स्थित गणेश मंदिर संकट चतुर्थी हर महिने विधि-विधान से मनाया जाता है। गणेश मंदिर रेल्वे में सुबह 6 से साढ़े 7 बजे तक गणपति हवन, सुबह साढ़े 7 से 9 बजे तक अभिषेक किया गया। सहस्त्रनाम अर्चना कर आरती की गई। 9 से साढ़े 10 बजे तक भक्तजनों ने दर्शन किया। अंत में प्रसाद वितरण किया गया।

### 6 सौ से अधिक भक्तों ने कराया अभिषेक

राम मंदिर तिलकनगर में कुल 616 भक्तों ने संकष्टी चतुर्थी पर अभिषेक कराया। भगवान का श्रृंगार अर्णव बाजपेयी ने करवाया। अभिषेक, पूजन कार्यक्रम आचार्य मधुसूदन अड़वे, उदय वारे, मनोज दिघ्रस्कर, वेंकटेश पाटिल, चिन्मय चिंचोलकर ने संपन्न कराया। प्रसाद में सामान्यतः सभी भक्तों के लिए चने की गई थी। जिन भक्तों ने अभिषेक हेतु रसीद कटवाए थे, उनके लिए प्रसाद व्यवस्था पूर्ववत रहा।

## निधन

### लक्ष्मी देवी वर्मा



बिलासपुर। गोंड़पारा निवासी लक्ष्मी देवी वर्मा (92 वर्ष ) का शुक्रवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 7 मार्च को सुबह 11 बजे उनके पैतृक निवास गोंडपारा से सरकंडा मुक्ति धाम के लिए निकलेगी। वे स्व. कमलानन्द वर्मा की पत्नी एवं स्वर्गीय श्यामानंद वर्मा की बहू, अशोक रंजन वर्मा, प्रताप रंजन वर्मा और प्रफुल्ल रंजन वर्मा, रंजना वर्मा की माता थीं ।

### द्वारिका प्रसाद पाण्डेय



तखतपुर। पाठकपारा निवासी द्वारिका प्रसाद पांडेय का 92 वर्ष की आयु में 5 मार्च को निधन हो गया। वे शिक्षक सुनील पांडेय के पिता थे। इनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया।

### जयराज सोनी



मुंगेली। महामाई वार्ड निवासी राजाबाबू सोनी के पुत्र जयराज सोनी का 27 वर्ष की उम्र में 3 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 4 मार्च को संपन्न हुआ। इस अवसर पर बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे।

### अर्जुन सिंह ठाकुर



मस्तूरी। नेता नगर निवासी सेवानिवृत्त लिपिक अर्जुन सिंह ठाकुर का 4 मार्च बुधवार को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार किरारी स्थित मुक्तिधाम में किया गया।

### देवेंद्र राजपूत (गोपी)



बिलासपुर। ग्राम साँवाताल निवासी देवेंद्र राजपूत (गोपी) का आज निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम साँवाताल में किया गया। वे मनोज राजपूत के पिता थे।

### सतीश चंद्र गुप्ता



बिलासपुर। जूना बिलासपुर बनिया पारा निवासी सतीश चंद्र गुप्ता लगरा वाले का 6 मार्च को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार नारियल कोठी मुक्तिधाम में किया गया। वे वे शार्दुल गुप्ता के पिता थे।

### रामगोपाल यादव

बिलासपुर। उसलापुर गीतांजलि नगर फेस 1 निवासी रामगोपाल यादव का 4 मार्च को निधन हो गया। वे 53 वर्ष के थे। उनका अंतिम संस्कार उसलापुर मुक्तिधाम में किया गया। वे यश यादव, संदीप यादव के पिता और शिवकुमार ,देवानंद के भाई थे।

## पथरिया नगर में 7. 39 करोड़ के विकास कार्यों भूमिपूजन व लोकार्पण

# 'हमने बनाया है हम ही सवारेंगे' स्लोगन हो रहा चरितार्थः कौशिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया



नगर सरकार गठन के एक वर्ष पूरे होते ही पथरिया के विकास के लिए राज्य सरकार से मिले लगभग 8 करोड़ का सौगात मिली है। इस राशि से नगर के विभिन्न वार्डो में आधरभूत सुविधाओं के विस्तार और विकास कार्य करने की योजना को जमीन पर उतारने शुक्रवार को 7 करोड़ 39 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण कार्यक्रम का आयोजन हुआ, जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक धरमलाल कौशिक शामिल हुए।

वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने की। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया, उसके बाद नगर पंचायत सीएमओ अनुराधा राजमणी ने स्वागत भाषण में अतिथियों और नगरवासियो को शासन से प्राप्त राशि से किए गए विकास और जनकल्याण के कार्यो की जानकारी दी। साथ ही उन्होंने आने वाले माह में किए जाने वाले विकास कार्यो से अवगत कराया। नगर पंचायत अध्यक्ष हुलसी रघु वैष्णव ने कहा कि, धरमलाल कौशिक की अनुशंसा पर नगर विकास के विभिन्न कार्य स्वीकृत हुए हैं, जिनमें नगरवासियों को अधिक सुविधाजनक सड़कें, गंदे पानी की निकासी और भूमिगत जल संवर्धन के कार्य होंगे। उन्होंने क्षेत्रीय विधायक का आभार जताया। मुख्य अतिथि धरमलाल कौशिक ने कहा कि, भाजपा सरकार में विधानसभा अध्यक्ष रहते पथरिया को नगर पंचायत बनवाया एवं उसके बाद यहां के नगरवासियों को नगरीय सुविधाओं दिलाने नियमित रूप से राशि प्रदान की गई। आज करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन और लोकार्पण हो रहा है, जो भाजपा के राज्य सरकार के 'हमने बनाया है हम ही सवारेंगे' के स्लोगन को चरितार्थ कर रहा है।

### आदिवासी और मेहर समाज के भवन का लोकार्पण

धरमलाल कौशिक ने लगभग 36 लाख की लागत से नगर में बने आदिवासी समाज एवं मेहर समाज के संत रविदास भवन का लोकार्पण किया। उन्होंने समाज के मुखिया एवं समाजिक महिला-पुरुषों को सामाजिक उत्थान के लिए संगठित होकर कार्य करने को कहा एवं शासन से हर प्रकार की मदद देने का आश्वासन दिया।

### इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में भजपा जिला उपाध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, महामंत्री कैलाश सिंह, निश्छल गुप्ता, पूर्व नप अध्यक्ष जसपाल छाबडा, जिला पंचायत सभापति अनिला देवेंद्र राजपूत, मण्डल अध्यक्ष संजय राजपूत, अभिलाष त्रिवेदी, मण्डल महामंत्री बलराम जायसवाल, उपाध्यक्ष प्रमोद साहू, सभपति मेला राम, इंद्रजीत यादव, मोनिका ओमू दिवान, रामबघेल, नेता प्रतिपक्ष रंजीता ओमकार यादव, पार्षद देवेंद्र डनसेना, रविन्द्र बघेल सहित नगरवासी उपस्थित रहे ।

### बिल्हा विधानसभा को मिली 23 करोड़ से अधिक की सौगात

बिलासपुर। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने बिल्हा विधानसभा अंतर्गत विभिन्न ग्रामों एवं ग्राम पंचायतों में विकास निर्माण कार्यो के भूमिपूजन में शामिल होकर लगभग 23 करोड़ से अधिक की लागत में क्षेत्रवासियों को सौगात दी। इसके अंतर्गत श्री कौशिक ने मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृति ग्राम सिलतरा में अटल चौक से यज्ञ चौक होते हुए सिलतरा बस्ती तक सड़क निर्माण लंबाई 1.70 किमी लागत राशि एक करोड़ 20 लाख रुपये, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत टी 03 पथरिया सरगांव रोड से ग्राम चदली पहुँच मार्ग लम्बाई 6.20 किमी लागत राशि 3 करोड़ 81 लाख रुपए, तथा प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत वर्ष 2025-26 में स्वीकृत टी 03 पथरिया सरगांव रोड रोहरकला से ग्राम घुठेली पहुंच लंबाई 11.20 किमी लागत राशि 6 करोड़ 73 लाख रुपये का भूमिपूजन किया। तत्पश्चात श्री कौशिक ने मुख्यमंत्री आधो संरचना विकास योजना के तहत 1 करोड़ 88 लाख से निर्मित होने वाले नवीन 33/11 के व्ही उपकेंद्र सिलतरा तथा 2 करोड़ 6 लाख से निर्मित होव 33/11 के व्ही उपकेंद्र रोहरा कला का भूमिपूजन किया।

## पूर्व मुख्यमंत्री बघेल आज मुंगेली प्रवास पर



मुंगेली। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव एवं पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 7 मार्च को मुंगेली प्रवास पर रहेंगे। वे सतनाम भवन दाऊपारा पहुंचकर मुंगेली के कांग्रेस प्रत्याशी संजीत बनर्जी के बड़े भाई स्व. शशि बनर्जी की शोकसभा में शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता अभयनारायण राय ने बताया कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल 7 मार्च शनिवार को दोपहर 1 बजे ग्राम मरतरा जिला बेमेतरा से प्रस्थान कर दोपहर 2.15 बजे सतनाम भवन दाऊपारा मुंगेली पहुंचेंगे। 2.45 बजे मुंगेली से रायपुर के लिए रवाना होंगे।

## अज्ञात बाइक की टक्कर से 24 वर्षीय युवक की मौत



पथरिया। पथरिया थाना क्षेत्र के ग्राम खुटेरा मुख्य मार्ग पर होली पर्व के दिन बुधवार को सुबह लगभग 11:30 बजे एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया, जिसमें अज्ञात वाहन की टक्कर से 24 वर्षीय युवक की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात वाहन चालक की तलाश शुरू कर दी है। पथरिया थाना प्रभारी गिरजा शंकर यादव से मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम गंगद्वारी निवासी नितेश कुमार राजपूत 24 वर्ष पिता बरातू राजपूत, अपने साथी के साथ अपनी बहन के यहां ग्राम खुटेरा गया हुआ था। वहां से वापस अपने गांव लौटते समय खुटेरा मोड़ के पास विपरीत दिशा से आ रही अज्ञात मोटरसायक ने उसकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि, नितेश गंभीर रूप से घायल हो गया, जबकि अज्ञात वाहन चालक मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पथरिया लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए मर्ग कायम किया और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। फिलहाल पुलिस अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है। इधर होली के मौके पर हुई इस दुखद घटना से मृतक नितेश के परिवार में मातम पसरा हुआ है और गांव में शोक का माहौल है।

## कलयुगी बेटे ने मां को उतारा मौत के घाट, क्षेत्र में सनसनी

भर्रीडांड। मरवाही थाना क्षेत्र के कटरा ग्राम पंचायत के धनुहारीटोला से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। होली के दिन देर रात एक बेटे ने अपनी अपनी 65 वर्षीय मां की गला दबाकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है।

जानकारी के अनुसार, मरवाही थाना के कटरा धनुहारीटोला निवासी फुलमतिया बाई के खाते में कुछ समय पहले प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि आई थी एवं उनके नए मकान का निर्माण कार्य जारी था। मां के खाते में पैसे आने की खबर कलयुगी बेटे दलवीर सिंह धनुहार को मिली तो वह पैसों की मांग करने लगा। बताया जा रहा है कि दलवीर सिंह धनुहार शराब का आदी है और वह अक्सर अपनी मां से शराब पीने के लिए पैसों की मांग करता था। इसी क्रम में बुधवार को होली के दिन दलवीर शराब के नशे में घर पहुंचा, और मां से पैसे मांगने लगा। इश पर वृद्धा फुलमतिया बाई ने आवास निर्माण का हवाला देते हुए पैसे देने से साफ इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर बेटे ने घर में विवाद शुरू कर दिया। झगड़ा बढ़ता देख बहू और पोते ने बीच बचाव किया, लेकिन शराब के नशे में धुत दलवीर ने पैसे नहीं देने को लेकर अपनी मां का गला दबा दिया, जिससे मां की मौके पर ही मौत हो गई।



### की जा रही है पूछताछ

मरवाही पुलिस ने आरोपी बेटे को घटना स्थल से गिरफ्तार कर लिया है। हत्या की घटना की जानकारी घर के सदस्यों ने गांव के कोटवार और सरपंच को दी, इसके बाद सूचना मरवाही पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

-शनिप रात्रे, थाना प्रभारी मरवाही

मरवाही थाना पुलिस का कहना है कि, मामले की गंभीरता से जांच की जा रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर कार्रवाई की जाएगी।

## 80 पाव देसी शराब सहित दो गिरफ्तार, भेजे गए जेल

जरहागांव। पुलिस अधीक्षक भोजराज पटेल के नेतृत्व में असामाजिक तत्वो एवं मादक पदार्थों की बिक्री व तस्करी करने वालो के विरूद्व 'ऑपरेशन बाज' चला कर कार्रवाई की जा रही है।

इसी क्रम में जरहागांव पुलिस एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम ने भारी मात्रा में अवैध शराब की तस्करी के प्रकरण में 2 आरोपियों के विरूद्ध आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की। प्राप्त जानकारी के अनुसार सोमवार 2 मार्च को मुखबिर की सूचना के आधार पर जरहागांव पुलिस व सायबर सेल की टीम एक्शन में आई और पथरिया मोड़ के पास नाकेबंदी कर दो संदिग्धों को हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान अजय साहू पिता गेंदराम साहू उम्र 27 वर्ष व राहुल साहू पिता दरबारी साहू उम्र 23 वर्ष निवासी ग्राम झझपुरीखुर्द थाना जरहागांव के रूप में हुई। मौके पर तलाशी लेने पर आरोपी राहुल साहू के कब्जे से 40 नग 7.200 बल्क लीटर देशी प्लेन मदिरा कीमती 3 हजार 200 रूपए एवं शराब परिवहन मे प्रयुक्त मोटर सायकल सीजी 28 एल 0538 हीरो एचएफ डिलक्स कीमती 40 हजार रूपए सहित कुल जुमला कीमती 43 हजार 200 रूपए बरामद किया गया। इसी तरह दूसरे आरोपी राहुल साहू के कब्जे से 40 नग देशी प्लेन 7.200 बल्क लीटर कीमती 3 हजार 200 रूपए जब्त किया गया। इस तरह दोनों आरोपियों के कब्जे से 80 नग देशी प्लेन शराब एवं एक मोटर सायकल जब्त कर दोनों को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के खिलाफ धारा 34(2), 59(क) आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध कायम कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

### नदी में मिली 3 दिन से लापता ग्रामीण की लाश, जांच जारी

मल्हार। लीलागर नदी में गुरुवार सुबह चार दिन से लापता ग्रामीण की लाश मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। सुबह नदी किनारे पहुंचे ग्रामीणों की नजर पानी में तैरती हुई लाश पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने तुरंत अन्य ग्रामीणों और पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शव को नदी से बाहर निकाला गया। पुलिस की शिनाख्तगी के बाद मृतक की पहचान ईश्वर केंवट पिता छोटू केंवट उम्र 59 वर्ष निवासी मल्हार वार्ड नं 5 नन्दमहल इमलीपारा मल्हार के रूप में हुई। बताया जा रहा है कि, ईश्वर कैवर्त 2 मार्च की शाम से अग्रवाल फार्म हाउस से लापता थे, जिनकी परिजन और ग्रामीण लगातार तलाश कर रहे थे।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल अमसेना उप तहसील सकर्रा तहसील सकरी व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्रमांक/ /रा.नि/ दिनांक 05/03/2026

प्रति,

1. नंदकिशोर रजक पि. चदूलाल 2. निशा पति संजय 3. दिव्या पूनम खलखो पति सुशील खलखो 4. गेंदराम यादव 5. जेदू पि. विसेसर 6. खसरा नं. 182 के समस्त बटाकनधारी एवं अन्य हितबद्ध पक्षकार 7. अन्य हितबद्ध पक्षकार

**विषय-सीमांकन/मौका जांच/नक्शा बटाकन के समय उपस्थित रहने बाबत्।**

संदर्भ : ..................................

ग्राम सिघरी प.ह.नं. 39 रा.नि.मं. अमसेना तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) आवेदक नंदकिशोर पिता चंदूलाल के द्वारा खसरा नंबर 182/6 रकबा........ के सीमांकन/मौका जांच/नक्शा बटाकन हेतु तहसीलदार/नायब तहसीलदार के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया है। उपरोक्त संदर्भित न्यायालयीन आदेश के परिपालन में भूमि का सीमांकन/मौका जांच/नक्शा बटाकन की कार्यवाही दिनांक 09.03.2026 और समय 11.00 सुबह को किया जायेगा जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है। अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित होना सुनिश्चित करे उपस्थित नहीं होने की दशा में सीमांकन कार्य बाधित होने की संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी तथा बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

टीपः विशेष परिस्थिति में समय और दिनांक परिवर्तनशील होगे।

आवेदक सीमा-चिन्ह स्थित करने हेतु आवश्यक सामाग्री एवं मजदूर की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।

**पटवारी प.ह.नं. 39 तह. सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं भावना तिवारी उम्र 25 साल, पिता श्री धनंजय तिवारी माता श्रीमती पुर्णिमा तिवारी जाति ब्राम्हण, निवासी हाउस नं. 343, वार्ड नं. 14, कंकालीपारा सैदा बिलासपुर तहसील सकरी जिला बिलासपुर छ.ग. का हूं। जो कि निम्नानुसार कथन करती हूँ

(1) यह कि मैं उक्त पते का स्थाई निवासी हूं।

(2) यह कि मेरे आधार कार्ड नं. 379668935698 है जिसमें मेरा नाम भावना तिवारी BHAVNA TIWARI दर्ज है।

(3) यह कि मेरे पेन कार्ड CCJPT6507N में मेरा नाम BHAVNA TIWARI दर्ज है।

(4) यह कि मेरे 10वी के अंकसूची में मेरा नाम BHAVNA दर्ज है।

(5) यह कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड में मेरा नाम भावना तिवारी BHAVNA TIWARI एवं मेरे स्कूल के अंकसूची में मेरा नाम BHAVNA दर्ज है, जो कि मेरे स्वयं के नाम अर्थात एक ही व्यक्ति के नाम है जिसके संबंध में यह शपथ पत्र आपके समक्ष निष्पादित कर रही हूं।

**शपथकर्ता**

**सत्यापन**

मैं भावना तिवारी यह सत्यापित करता हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका 01 से 04 तक के सम्पूर्ण तथ्य एवं स्वतः के ज्ञान विश्वास एवं जानकारी के अनुसार सही एवं सत्य है, जिसे पढ़कर व समझकर बिलासपुर में 13/02/2026 अपना हस्ताक्षर किया हूं

**शपथकर्ता**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र**

प्रति,

आवेदक/आवेदिका जगन्नाथ धुरी पिता.भागलाल बिल्हा

आवेदक के बताए अनुसार भूस्वामी (1) सिद्धराम, आनंद राम, चंद्र राम, नेतराम, पंचराम वगै. पि.सुखीराम (2) सखु कुर्मी, शोभा लोधी (3) बुकुम कुर्मी, (4) मटरू कुर्मी (5) अंजोरी लोधी, तोतवा गौंटिया (6) सुखीया लोधी, महराज (7) सरजू (8) गुजराती (9) डॉ. मेघानी (10) उमेंद (11) सपूरन दास (12) द्वारिका (13) जगन्नाथ (14) विष्णु (15) अन्य सरहदी हितबद्ध भूमिस्वामी

**विषयः** सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

**संदर्भः** न्याया.ना.तह.बोदरी के ज्ञापन क्रमांक /क 111/ना.तह. बोदरी के ज्ञापन क्रमांक क/339 ना.तह./वा/2025 बोदरी दिनांक 12/12/25

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/ आवेदिका जगन्नाथ धुरी पिता स्व.भागलाल धुरी जाति धुरी निवासी बिल्हा द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी प.ह.नं.01 रानिमं. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 232/1, (मन 05) 29/1, 74/1, 74/4, 78/1, 204/1 रकबा 0.053, 0.154, 0.441, 0.101, 0.283, 0.291 हे. एकड़ के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर /सीमांकन किये जाने हेतु न्याया.नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 10/03/26 को 11.00 दोपहर बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीपः-उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक बोदरी तहसील बोदरी जिला- बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

---

**सूचना**

आप सभी को सूचित किया जाता है कि हमारे फर्म मेसर्स गणेश प्रसाद सिंह जिसका पंजीयन क्रमांक 207/11-12 दिनांक 07/12/2011 है। उक्त फर्म में श्री गणेश प्रसाद सिंह, श्री धीरज कुमार, श्रीमती मालती देवी, श्रीमती वंदना कुमारी एवं श्रीमती जुली कुमारी पार्टनर के रूप में शामिल है।

दिनांक 06.03.2026 से श्रीमती जुली कुमारी अपनी स्वेच्छा से फर्म से अलग हो रही है। अतः उक्त दिनांक पश्चात इनका फर्म से कोई लेना-देना नहीं रहेगा।

सो सूचना जाने।

**भवदीय**
**मेसर्स गणेश प्रसाद सिंह**
**श्री हरि निवास**
**हेमू नगर बिलासपुर छत्तीसगढ़**

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सकरी तहसील सकरी जिला बिलासपुर सीमांकन सूचना/स्थल जाँच**

प्रति,1. आवेदक राबिन्सन जोसफ पि. जोसफ साईमन 2. गिरीश कुमार दिघ्रस्कर 3. केसरी बाई 4. पेट्रिक साईमन 5. राकेश चतुर्वेदी 6. सुगरा बानो 7. अ. व. हितबद्ध पक्षकार 8. अजय कुमार साहू 9. कृपाल साहू

विषय :- सीमांकन/स्थल जाँच में उपस्थित रहने बावत।

संदर्भ :- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तह./ना.तह. के ज्ञापन दिनांक 17/02 /26

संदर्भित विषयान्तर्गत ज्ञापन के पालन में ग्राम घुरु प.ह.न. 61 रा.नि.म. सकरी तह. सकरी जिला बिलासपुर के अंतर्गत खसरा न. 368/3 रकबा 0.194 हे. एकड/हेक्टेयर भूमि स्वामी राबिन्सन जोसफ पिता/पति जोसफ साईनम निवासी के द्वारा सीमांकन/स्थल जाँच का आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त भूमि का सीमांकन /स्थल जाँच दिनांक 13.03. 2026 को समय 11.00 से 05 बजे किया जावेगा।

अतः आप सभी भूमि संबंधी समस्त दस्तावेज बैनामा पत्रक सहित नियत तिथि एवं समय पर उपस्थित होवें। अनुपस्थिति की दशा में अम्पत्ति स्वीकार्य नहीं होगी। अतः सूचना जाने।

टीपः- विशेष परिस्थिति में अपरिहार्य कारणों से सीमांकन/स्थल जाँच की तिथि में परिवर्तन किया जा सकता है।

राजस्व निरीक्षक, सकरी

---

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल बोदरी तहसील बोदरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना पत्र**

प्रति,

आवेदक/आवेदिका भूपेन्द्र भाई जोबनपुत्रा पि.जयंती लाल ज्ञानोदय सांस्कृतिक एवं शिक्षण समिति आवेदक के बताये अनुसार समीपी भूमि स्वामी (1) मेलूराम (2) भागवत कौशिक (3) सुरेश व गोरेलाल (4) विश्वनाथ (5) अन्य हितबद्ध सरहदी भूमिस्वामी (6) ग्राम कोटवार

**विषयः** सीमांकन/मौका जांच के समय उपस्थित होने हेतु सूचना के संबंध में।

**संदर्भः** न्याया.ना.तह.बोदरी के ज्ञापन क्रमांक /क 111/ना.तह./वा/2025 बोदरी दिनांक 27/05/25

उपरोक्त विषयांतर्गत आवेदक/ आवेदिका भूपेन्द्र भाई जोबनपुत्रा पिता स्व.जयंती लाल जोबनपुत्रा जाति गुजराती निवासी बिलासपुर द्वारा आवेदित भूमि ग्राम बोदरी मन. 05, प.ह.नं.01 रा.नि.मं. व तहसील बोदरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं. 192/4, 254/2, 255/3 रकबा 0.101, 0.356, 0.189 एकड़ के संबंध में प्रस्तुत आवेदन पर /सीमांकन किये जाने हेतु न्याया.नाय. तहसीलदार बोदरी में छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 129 के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

संदर्भित पत्र के परिपालन में आवेदित भूमि का सीमांकन/मौका जांच दिनांक 12/03/26 को 12.00 बजे को किया जाना है। अतः आप उक्त समय पर अपने समस्त कागजात के साथ मौके पर उपस्थित रहें। उक्त समय पश्चात की गई आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

टीपः-उपरोक्त सीमांकन/मौका जांच अपरिहार्य कारणों से तिथि में बदलाव किया जा सकता है।

**राजस्व निरीक्षक बोदरी तहसील बोदरी जिला- बिलासपुर (छत्तीसगढ़)**

---

**समक्ष श्रीमान जिला सिविल नोटरी महोदय बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ-पत्र**

मैं/हम (1) नरेन्द्र दास उम्र 50 वर्ष (2) धर्मेन्द्र कुमार दास उम्र 46 वर्ष दोनो पिता स्व. शशि कुमाल लाल दास दोनो निवासी मकान नं 106, 107 पाटली पुत्र लिंगियाडीह बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के है, जो कि निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करते हैं:- 1. यह कि हमारे द्वारा मुलचंद पिता श्री रामनाथ यादव निवासी ओमपुर रजगामार कॉलोनी तहसील व जिला कोरबा छ.ग. से मौजा अंजनी विहार चांटीडीह तहसील व जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नं 318/31, 319/31, 320/33 में से रकबा 1400 वर्गफुट भूमि को क्रय किया गया था। 2. यह कि उपरोक्त भूमि के रजिस्ट्री / पंजीयन दस्तावेज की मुल प्रति दिनांक 01/03/2026 को सांईस कॉलेज बिलासपुर से अपने आवासीय मकान पाटली पुत्र नगर बिलासपुर जाते समय थाना सरकण्डा क्षेत्र में कहीं गुम हो गया है जिसे बहुत खोजने पर प्राप्त नहीं हुआ है। 3. यह कि हमें उपरोक्त भूमि के रजिस्ट्री / पंजीयन दस्तावेज की द्वितीय प्रति आवश्यकता है इसलिये अपने मुल रजिस्ट्री/ पंजीयन दस्तावेज गुम होने के संबंध में यह शपथ पत्र निष्पादित करते है।

शपथकर्ता नरेन्द्र दास

**सत्यापन**

हम उपरोक्त शपथकर्ता सत्यापित करते है कि शपथ-पत्र की कंडिका 01 से 03 तक वर्णित सभी कथन मेरे स्वतः के जानकारी में सत्य एवं सही है। जिसे आज दिनाँक 02/06/2026 को स्थान बिलासपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किये है।

शपथकर्ता नरेन्द्र दास

---

**शपथ पत्र**

मैं श्रीमती प्राची मिश्रा आयु 29 वर्ष पति श्री हर्ष मिश्रा जाति ब्राम्हण निवासी 27 खोली तहसील व जिला बिलासपुर की हूं जो कि नीचे लिखे हलफन बयान करती हूं :-

1. यह कि मेरा विवाह 30/11/2025 में श्री हर्ष मिश्रा पिता श्री देवेश कुमार मिश्रा निवासी 27 खोली वाले के साथ सम्पन्न हुआ है। 2. यह कि मेरी समस्त शैक्षणिक प्रमाण पत्रों पर शादी के पूर्व कुमारी प्राची दीवान पिता श्री एन.डी.दीवान के नाम से जानी जाती थी। 3. यह कि अब मेरी शादी हो चुकी है अतः मुझे कुमारी के स्थान पर श्रीमती एवं पिता स्थान पर पति तथा उपनाम दीवान के स्थान पर मिश्रा माना जावे।

अतः यह शपथ पत्र कुमारी प्राची दीवान पिता श्री एन.डी.दीवान के स्थान पर श्रीमती प्राची मिश्रा पति श्री हर्ष मिश्रा के नाम से जाना व पहचाना जावे इस बाबत् प्रेषित कर रही हूँ।

**शपथकर्ती**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ती, शपथपूर्वक सत्यापन सत्यापित करती हूं कि उपर लिखें समस्त बातें मेरी स्वतः की जानकारी से सही व सत्य है सत्यापित की आज दिनांक 05 मार्च को नगर बिलासपुर में।

**शपथकर्ती**

---

**न्यायालय तहसीलदार बिलासपुर, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/क/तह./ वा. / 2026
बिलासपुर, दिनांक 16/02/2026

ग्राम जूना बिलासपुर के सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि ग्राम जूनाबिलासपुर प.ह.न. 36 तहसील-बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 367/83 रकबा 0.012 हे. भूमि का छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 115 के तहत अभिलेख दुरुस्ती हेतु आवेदक श्री सतीश कश्यप पिता स्व. श्री गिरधारीलाल कश्यप निवासी तेलीपारा बिलासपुर जिला-बिलासपुर छत्तीसगढ के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया।

यदि किसी व्यक्ति / संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनॉक 18/03/2026 को सुबह 11.00 स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किये जावेगे।

आज दिनाँक 16/02/2026 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।

**तहसीलदार**
**बिलासपुर छत्तीसगढ़**

---

**न्यायालय तहसीलदार सकरी, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

मा.क्र. 55 अ-6अ/2025-26,
ग्राम सकरी मन 01 तहसील सकरी

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता ग्राम सकरी मन 01 प.ह.न. 45 तहसील सकरी, जिला बिलासपुर, छ.ग. को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र सिंह यादव उम्र 68 वर्ष पिता स्व. लोचन सिंह यादव जाति यादव साकिन मंगला तह. व जिला बिलासपुर के द्वारा लेख किया है कि ग्राम संरी मन 01 प.ह.नं. 45 रा.नि.म. व तहसील सकरी जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा नम्बर 183/15 रकबा 0.105हे. भूमि को आवेदक द्वारा रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर दिनांक 14.06.2018 को क्रय कर नामांरण क्रं. 123 आदेश दिनांक 10.08.2018 कराकर काबिज कास्त है। वर्तमान ऑनलाईन राजस्व रिकार्ड में रकबा 0.0001 हे. लिखा है एवं बसरा भी त्रुटिपूर्ण है तथा भूमिस्वामी के नाम के स्थान पर पिता लिखा है जो कि त्रुटिपूर्ण है, जिसे सुधार किये जाने हेतु आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 115 छ.ग.भू.रा.सं. 1959 के तहत दुरूस्त किये जाने हेतु इस न्यायालय के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति दावा हो तो अपना आपत्ति दावा दिनांक 16/3/26 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। इसके बाद में आने वाले आपत्ति दावों पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 12/2/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा अंकित कर जारी किया गया।

**तहसीलदार सकरी**

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा संजय कुमार दुआ पिता जगदीश लाल दुआ निवासी जब्बल गली वार्ड नं. 03 नेहरू नगर बिलासपुर के नाम पर ग्राम घुरु प.ह.नं. 61 जिला बिलासपुर स्थित भूमि का खसरा नम्बर 80/1 रकबा 0.1290 हे., खसरा नम्बर 81/1 रकबा 0.2230 हे., खसरा नम्बर 81/2 रकबा 0.2230 हे. एवं इसी जमीन से लगी हुई जमीन जो कि सुमित कुमार दुआ पिता जगदीश लाल दुआ निवासी वार्ड नंबर 19 सदर बाजार बिलासपुर एवं संजय कुमार दुआ पिता जगदीश कुमार दुआ निवासी जब्बल गली वार्ड नं. 03 नेहरू नगर बिलासपुर के नाम पर खसरा नम्बर 82/1 रकबा 0.0600 हे., खसरा नम्बर 83/2 रकबा 0.2060 हे., खसरा नम्बर 88/5 रकबा 0.1860 हे. भूमि खरीदने का पक्का सौदा कर बयाना राशि दी जा चुकी है इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय कार्यालय या अन्य किसी को यदि किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिनों के अंदर समस्त कागजात सहित मेरे यहां उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रकट कर सकता है तथा उसके बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति अमान्य होगी सो सूचना जाने।

भवदीय- रवि प्रसाद साहू
पिता स्व. श्री रामानुज साहू
मकान नंबर 430, उस्लापुर, वाइट हाउस के पीछे, आनंद नगर, अमेरी, बिलासपुर
भागीदार मेसर्स पुजा कंस्ट्रक्शन
मो. 9827924892

---

**आम सूचना**

सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे द्वारा विक्रेतागण 1. मिलिंद मधुकर दिघ्रस्कर पिता मधुकर राव, निवासी एसआईबी ऑफिस क्वाटर, मिलव मॉल के पास पश्चिम मुम्बई महाराष्ट्र 2. मनोज कुमार दिघ्रस्कर पिता- मधुकर राव, निवासी ओम नगर, सचिन फर्नीचर के पास, जेल रोड नासिक, महाराष्ट्र 3. दिवाकर सदाशिव दिघ्रस्कर पित सदाशिव दिघ्रस्कर निवासी रोव बुंगलो नं. 10 डी पार्वती बाई नगर, जेल रोड नासिक महाराष्ट्र 4. सुदिप दिघ्रस्कर पिता पदमाकर राव दिघ्रस्कर निवासी शैल विहार प्रायमरी स्कूल के पिछे, मंगला बिलासपुर 5. पदमाकर दिघ्रस्कर, पिता सदाशिव दिघ्रस्कर निवासी- शैल विहार प्रायमरी स्कूल के पिछे, मंगला बिलासपुर इनके स्वामित्व हक की भूमि मौजा मोपका प.ह.नं. 29/19 रा.नि.मं. मोपका, विकास खण्ड बिल्हा, तह. व जिला बिलासपुर ननि. वार्ड नं. 47 पं. रामगोपाल तिवारी नगर, खसरा नं. 2314/1 में से रकबा 0.0204 हे. को खरीदने का पक्का सौदाकर लिया गया है जिसकी पंजीयन जल्द ही करा लिया जावेगा। इस बाबत् यदि किसी व्यक्ति, बैंक, संस्था, शासकीय/अर्धशासकीय निकाय आदि को यदि किसी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर मेरे समक्ष उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात की गई आपत्ति मान्य नहीं होगी। सो सूचना जानें।

भवदीय- शुभम पात्रे
पिता श्री अमृतदास पात्रे
वार्ड नं. 7 संदरी, पथरिया जिला मुंगेली
मो. 9817197831, 9685049041

---

**आम सूचना**

मौजा कारीछापर प.ह.नं. 07 तह. सीपत जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 79 रकबा 0.664 हे. अर्थात 1.65 एकड़ भूमि जो समस्त राजस्व अभिलेखो मे राशि अग्रवाल पति राकेश अग्रवाल पता आर 3 विनोबा नगर बिलासपुर के नाम पर दर्ज है एवं मौजा कारीछापर प.ह.नं. 07 तह. सीपत जिला बिलासपुर स्थित भूमि खसरा क्रमांक 73, 83 एवं 84/1 रकबा 0.190 हे0, 0.324 हे0, 0.717 हे. अर्थात 3.04 एकड़ भूमि जो समस्त राजस्व अभिलेखो मे देवेन्द्र कुमार कृष्णन पिता श्री निलेश कुमार पता गोपियापारा मस्तुरी जिला बिलासपुर के नाम पर दर्ज है। उपरोक्त भूमि को मेरे पक्षकार सुधीर गुप्ता के द्वारा क्रय करने का पक्का सौदा किया जाकर लिखित इकरारनामा निष्पादित किया जा चुका है। जिसका निकट भविष्य में पंजीयन होना तय हुआ है। उपरोक्त भूमि के स्वत्व एवं आधिपत्य या किसी अन्य प्रकार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, फर्म, निगम, निकाय, बैंक, मन्दिर, ट्रस्ट आदि को आपत्ति या दावा हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति या दावा मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में कर सकते है। अवधि उपरान्त दावा या आपत्ति अमान्य होगी। सो सुचना जाने।

(श्रद्धेश गुप्ता) अधिवक्ता
तारबाहर फाटक अण्डर ब्रीज के पास बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) मो. 92013-33335

---

**न्यायालय नायब तहसीलदार बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क./ /वा./ना. तह. / 2026
बिल्हा दिनांक 19.02.2026

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक देवानंद नेताम पिता रामकलेश नेताम निवासी ग्राम मुरकुटा तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर छ.ग. द्वारा उसकी पत्नि स्वाति ध्रुव पति देवानंद ध्रुव उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम मुरकुटा तहसील बिल्हा द्वारा घटना दिनांक 18.05.2025 को आवेदक की पत्नि घर में खाना बनाते समय गैस से पूरी तरह जल गयी थी, जिसे उपचार के लिए हेल्थ केयर हास्पिटल में दिनांक 18.05.2025 को रात्रि लगभग 09:30 बजे भती कराया गया, जहां उपचार के दौरान दिनांक 27.05.2025 को सुबह लगभग 6:00 बजे आवेदक की पत्नी की मृत्यु हो गयी। उक्त दुर्घटना से हुई मृत्यु का जिला अस्पताल बिलासपुर जिला बिलासपुर छ.ग. में डॉक्टरों के द्वारा पंचनामा पश्चात पोस्टमार्टम किया गया। डॉक्टर द्वारा परीक्षण उपरांत मृतका की मृत्यु आगजनी से होना व्यक्त किया गया। जिसके फलस्वरूप आवेदक द्वारा प्राकृतिक आपदा से पत्नि स्वाति ध्रुव की मृत्यु हो जाने से आर.बी.सी. 6-4 के तहत शासन से मिलने वाली आर्थिक मुआवजा राशि 4,00,000/-(चार लाख रूपये) प्रदान किये जाने आवेदन पत्र न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह अपना आपत्ति दावा इस न्यायालय में स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 09.03.2026 तक प्रस्तुत कर सकता है। समयावाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी किया गया।

**नायब तहसीलदार**
**बिल्हा, जि. बिलासपुर (छ.ग.)**

---

**आम सूचना**

सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार दशरथ सन्नाट पिता ज्वाला प्रसाद सन्नाट निवासी ग्राम दगौरी, तहसील बिल्हा जिला बिलासपुर (छ.ग.) वाले के द्वारा मौजा चुराघाट प.ह.नं. 23 रा.नि.मं. बरतोरी, तहसील बिल्हा, जिला बिलासपुर (छ.ग.) में भूमि स्वामिनी शांति बाई पिता कुंवर सिंह, तीजन बेवा कुंवर सिंह के नाम पर स्थित भूमि खसरा नंबर क्रमशः 251/5 (शामिल 258), 251/8, 251/12, 252, 258, 260 रकबा क्रमशः 0.0650 हे., 0.0040 हे., 0.140 हे, 0.1620 हे., 0.0490 हे., 0.0240 हे., कुल खसरा नंबर 06 कुल रकबा 0.4780 हेक्टेयर की भूमि को क्रय किये जाने का पक्का सौदा कर अग्रिम राशि का भुगतान की जा चुकी है। यदि उपरोक्त खसरा, रकबा की भूमि के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय/बैंक को किसी भी प्रकार की कोई भी आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर अपना आपत्ति मय दस्तावेज सहित मेरे दिये गये कार्यालयीन पते पर उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियम समयावधि पश्चात किये जाने वाले आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा, तथा मेरे पक्षकार/क्रेता दशरथ सन्नाट पिता ज्वाला प्रसाद सन्नाट के पक्ष में रजिस्ट्री करा लिया जावेगा। सो सूचना जाने।

दिनांक 06/03/2026
बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**मनोज कुमार तिवारी**
**अधिवक्ता/नोटरी**
**बिल्हा बिलासपुर (छ.ग.)**
**मो. नं. 9098179174**
**6268040079**

---

**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार जीवन लाल मिश्रा उम्र 42 वर्ष पिता श्री रामप्रसाद मिश्रा निवासी गौरी गणेश कलोनी मंगला बिलासपुर तह. व जिला बिलासपुर (छ.ग.) की ओर से अधिकृत एवं निर्देशित होकर निम्न आशय की आम सूचना प्रकाषित कराता हूं, कृपया आम जनता वित्तीय एवं शासकीय/अर्द्धशासकीय संस्थाएं आम सूचना से अवगत होवें कि श्री सौरभ चतुर्वेदी पिता श्री शिवप्रसाद चतुर्वेदी निवासी मकान नं. ई/8 मुंगेली रोड मिनोचा बस्ती बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के स्वत्व एवं स्वामित्व की भूमि जो कि मौजा लोखण्डी प.ह.नं. 54 रा.नि.म. पेंडारी तहसील सकरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नं. क्रमशः 156/1, 157/4, 158, 162/4, 177, 157/2, 144/3, 162/1, 162/3, 185 रकबा क्रमशः 0.085, 0.105, 0.186, 0.032, 0.121, 0.097, 0.170, 0.129, 0.049, 0.413 हे. है जिसे मेरे पक्षकार जीवन लाल मिश्रा के पास विक्रय करने का पक्का सौदा कर बतौर अग्रिम राशि प्राप्त कर चुका है। उपरोक्त भूमियों का निकट भविष्य में मेरे पक्षकार के पक्ष में पंजीयन कार्यालय में उपस्थित होकर पंजीयन करायेगा।

अतः किसी भी व्यक्ति, संस्था अथवा निकाय उपरोक्त खसरा रकबा के कय विक्रय के संबंध में किसी प्रकार की कोई आपत्ति या दावा हो तो इस प्रकाशन के 07 दिवस के भीतर मेरे कार्यालय में दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष रख सकते है नियत समयावधि पश्चात की गई आपत्ति सर्वथा अवैध एवं शून्य माना जावेगा।

सो सूचना जानें
दिनांक- 06.03.2026
स्थान-बिलासपुर (छ.ग.)

**भवदीय**
**रामकृष्ण श्रीवास्तव, अधिवक्ता**
**मो. 8085370000**

---

**न्यायालय श्रीमान दशम जिला न्यायाधीश बिलासपुर (छ.ग.)**

श्रीमती अनिता सखूजा .............वादिनी

// विरूद्ध //

योगेश कुमार टाह वगैरह .......प्रतिवादीगण

व्य.वा.क्र. 11-ए/2026
पेशी ता. 23.03.2026
आदेश दिनांक 27.02.2026
प्रोसेस क्र. 65

**समंस**

1. अनिल टाह पिता धरमप्रकाश टाह उम्र 65 वर्ष 2. गिरीश कुमार टाह पिता मदनलाल टाह उम्र 61 वर्ष 3. राकेश कुमार टाह पिता मेंगाराम टाह उम्र 62 वर्ष 4. पवन कुमार टाह पिता मेंगाराम टाह उम्र 50 वर्ष सभी निवासी-गोड़पारा बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग.

प्रतिवादी क्र. 03, 05, 09, 10

वादिनी ने प्रतिवादीगण के विरूद्ध एक व्यवहार वाद वास्ते घोषणा एवं स्थायी निषेधाज्ञा बाबत पेश किया गया है जिसकी पेशी दिनांक 23.03.2026 को नियत है। प्रतिवादीगण क्र. 03, 05, 09, 10 को इस समाचार पत्र के द्वारा नोटिस/ईश्तहार प्रकाशन किया जा रहा है। इस प्रकरण में दिनांक 23.03.2026 को दिन के 11:00 बजे स्वयं एवं अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति कर जवाब पेश कर प्रकरण के कार्यवाही में भाग लेवें, अन्यथा आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

यदि किसी कारण वश पेशी दिनांक 23.03.2026 को इस न्यायालय में अवकाश घोषित हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस को की जावेगी।

अतः आज दिनांक 02/03/2026 मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा लगाकर जारी किया गया

दिनांक 02.03.2026
स्थान बिलासपुर

**आदित्य जोशी, दशम जिला न्यायाधीश, जिला बिलासपुर (छ.ग.)**




### सुबह से लेकर दोपहर तक एक-दूसरे पर रंग डालते हुए गलियों में घूमते रहे युवक

# होली का खुमार: फाग गीत व डीजे की धुन पर थिरके लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्यौहार होली मस्ती एवं उमंग के साथ मनाया गया। युवा वर्ग सुबह से लेकर दोपहर तक एक-दूसरे पर रंग डालते हुए गलियों में घूमते रहे। बच्चे एवं महिलाएं भी एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली खेलते रहे।

होली के अवसर पर नागरिकगण गुलाल लगाते हुए एक दूसरे को पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते रहे। छुट-पुट घटनाओं को छोड़कर जिले में होली का त्यौहार शांतिपूर्ण रहा। सोमवार एवं मंगलवार की रात्रि होलिका दहन के बाद जली हुई होली की राख से तिलक लगाने के बाद रंग खेलने की परंपरा के अनुसार लोग बुधवार को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में उत्साह पूर्वक एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशी का इजहार करते रहे। शहर में जगह-जगह शांतिपूर्ण ढंग से होली मनाई गई। लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते रहे। नगर सहित जिले भर में सोमवार एवं मंगलवार की रात होलिका दहन किया गया, लेकिन होली की मस्ती लोगों में होलिका दहन के पहले से नजर आने लगी। शाम तक रंगों में सराबोर लोगों की संख्या में बढ़ोतरी होती गई। फाग गीतों की धूम, हर गली मोहल्लों एवं ग्रामीण अंचलों में होलिका दहन के साथ ही बढ़ती गई। मस्ती के त्योहार में सुबह से ही बच्चे हाथों में रंग, गुलाल और पिचकारी लेकर सड़कों पर निकले। युवा वर्ग जगह-जगह फाग गीतों एवं साउंड सिस्टम में थिरकते नजर आए। बाजार में रंगों के साथ पिचकारी, गुलाल एवं शक्कर के बने हरवे की मांग बनी रही। लोग सभी गिले-शिकवे भूल कर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते नजर आए। छोटी-मोटी घटनाओं को छोड़कर होली त्यौहार शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। होली के दूसरे दिन गुरूवार को भी होली का माहौल देखा गया। बाजार भी सूने नजर आए। लोग घरो मे ही आराम करते रहे।





## श्री राम मंदिर में महिला होली मिलन धूमधाम से मनाया गया

**तखतपुर।** नगर के श्री राम मंदिर में महिला टीम के द्वारा होली मिलन समारोह कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें बड़ी संख्या में महिलाओं ने सर्वप्रथम भगवान श्री राम का आरती कर रामायण प्रारंभ किया। महिलाओं ने भगवान कृष्ण के भजन में झूमते हुए उत्सव मनाए इस अवसर पर महिलाओं ने भगवान कृष्ण की बज फाग गाकर होली का आनंद उठाएं श्री राम मंदिर में होली मिलन में उपस्थित बड़ी संख्या में मातृशक्ति सीमा यादव संध्या जायसवाल उषा देवांगन डोली साहू गौरी देवांगन रानी देवांगन सुकन्या देवांगन सोनू देवांगन अंशु देवांगन ज्योति गुप्ता ललित देवांगन अलका शिवहरे स्वाति जायसवाल रोशनी प्राणे कुसुम देवांगन रत्ना देवांगन प्रियंका देवांगन पूनम देवांगन रीना पाण्डेय मंदाकिनी ठाकुर कौशल्या ठाकुर मंजू ठाकुर नीरा ठाकुर कमल ठाकुर हेमा ठाकुर रूखमणी ठाकुर बड़ी संख्या में मातृशक्ति उपस्थित रहे।

## जिला साहू संघ ने मनाई पारंपरिक होली



**पेंड्रा।** जिला साहू संघ गौरेला-पेंड्रा-मरवाही ने होली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और भाईचारे के साथ मनाया। इस अवसर पर जिले के विभिन्न तहसीलों से समाज के पदाधिकारी, वरिष्ठजन, युवा वर्ग एवं मातृशक्ति बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम में सभी ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं तथा समाज में एकता और आपसी सौहार्द को मजबूत करने का संदेश दिया।

कार्यक्रम के दौरान पारंपरिक ढंग से होली मिलन का आयोजन किया गया, जिसमें समाज के लोगों ने आपसी भाईचारे के साथ रंग-गुलाल लगाकर पर्व की खुशियां साझा कीं। इस दौरान समाज के वरिष्ठजनों ने युवाओं को समाज की परंपराओं और सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर जिला साहू संघ के अध्यक्ष रमेश साहू ने कहा कि, इस वर्ष भक्त माता कर्मा जयंती का आयोजन गौरेला तहसील में संभावित रूप से 28 मार्च को एकादशी के दिन किया जाएगा। होली मिलन कार्यक्रम में गौरेला तहसील से संरक्षक अनुपम गुप्ता, अशोक साहू, भारती साहू, बिसाहू साहू, पीयूष साहू, श्यामू साहू, कमल साहू और कपूर साहू उपस्थित रहे। वहीं मरवाही क्षेत्र से अनिल साहू, लाला साहू, संदीप साहू, श्याम सुंदर साहू और देव साहू की सहभागिता रही। इसी प्रकार कोटमी तहसील से कृष्णकुमार साहू तथा पेंड्रा क्षेत्र से आनंद साहू, विजय साहू, महेश साहू, सुरेश साहू, देव होंडा, लवकुश साहू, बजरंग साहू, सौरभ साहू, बद्री साहू, संतोष साहू और हरिकिशन साहू कार्यक्रम में शामिल हुए। इसके अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से भी कमल साहू, सुजीत साहू और लखन साहू सहित बड़ी संख्या में समाजिक लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम में समाज की मातृशक्ति की भी उल्लेखनीय भागीदारी रही, जिससे आयोजन का माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण बन गया।

## तहसील साहू संघ का होली मिलन



**दगोरी।** तहसील साहू संघ बिल्हा ने देवरानी-जेठानी मंदिर तालागांव स्थित सामाजिक धर्मशाला में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। समारोह में सभी ने एक-दूसरे को गले लगाकर तिलक लगाया एवं माला पहना कर बड़े बुजुर्ग का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर तहसील साहू संघ संरक्षक डॉ चिंताराम साहू, अध्यक्ष प्रताप साहू, परिक्षेत्र अध्यक्ष विनोद साहू, अशोक साहू, खोरबहरा साहू, परदेशी राम, छेदीराम, उमाशंकर साहू, जनक राम, गिरधारी साहू, रेवाराम साहू सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बुजुर्ग, युवा उपस्थित थे। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने कार्यक्रम को संबोधित भी किया।

## शांति बनाए रखने मुस्तैद रही पुलिस



**लोरमी।** आपसी भाईचारा के साथ रंगों का पर्व होली बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली त्यौहार मनाया।

सुबह से ही लोग एक-दूसरे के घर जाकर रंग गुलाल लगाते रहे। कई जगह फाग गीत का आयोजन हुआ, जिसकी धुन पर लोग थिरकते नजर आए। वहीं कई जगह डी जे की धुन पर युवा वर्ग के लोग थिरकते नजर आए। लोगों ने बड़े ही सौहाद्र वातावरण एवं उत्साह के साथ रंगों की होली खेली एवं क्षेत्र में होली का त्यौहार शांतिपूर्वक मनाया गया। इस दौरान पुलिस-प्रशासन भी मुस्तैद नजर आई।



## ढोल-नगाड़े, गुलाल व रंगों की बौछार के साथ क्षेत्र में मनी होली

**सीपत।** क्षेत्र में होली का पर्व पूरे उत्साह, उमंग और पारंपरिक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से ही गांव और कस्बों में होली की मस्ती देखने को मिली। लोग एक-दूसरे के घर पहुंचकर अबीर-गुलाल लगाते हुए होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। युवाओं और बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कहीं ढोल-नगाड़ों की थाप पर होली गीत गूंजते रहे, तो कहीं लोग नाच-गाकर रंगोत्सव का आनंद लेते रहे। कई स्थानों पर सामूहिक रूप से होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किए गए, जहां लोगों ने एक-दूसरे को रंग लगाकर आपसी प्रेम और भाईचारे का संदेश दिया। महिलाओं और बच्चों ने भी इस पर्व को पूरे उत्साह के साथ मनाया। घरों में पारंपरिक व्यंजन बनाए गए और मेहमानों का स्वागत किया गया। पूरा क्षेत्र दिनभर रंगों से सराबोर नजर आया और हर तरफ होली की खुशियां बिखरी रहीं। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस के जवान में लगातार पेट्रोलिंग करते रहे। इस अवसर पर लोगों ने आपसी मतभेद भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाया और समाज में प्रेम, सद्भाव और एकता बनाए रखने का संकल्प लिया।

## नयनतारा कॉलेज में होली महोत्सव




**सीपत।** स्थानीय नयनतारा शर्मा कॉलेज में होली महोत्सव का आयोजन बेहद उत्साह और उमंग के साथ किया गया। रंगों के इस पावन पर्व पर कॉलेज परिसर आत्मीयता, आपसी सद्भावना और प्रेम के रंगों में सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम का गरिमामयी शुभारंभ संस्था प्रमुख प्रांजल धर शर्मा एवं प्राचार्य डॉ शशिकांत शुक्ला की उपस्थिति में हुआ। संस्था प्रमुख शर्मा ने सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि, होली का त्यौहार हमें भेदभाव भुलाकर एक-दूसरे को गले लगाने और समाज में समरसता फैलाने का संदेश देता है। इस अवसर पर कॉलेज के विभिन्न विभागों के प्रमुखों ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। सहायक प्राध्यापक बलराम जोशी, अश्वनी सोनी, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रमित कोरी, रुपाली मिश्रा, अनामिका चंद्राकर ने छात्रों के साथ चेहरे पर गुलाल लगाकर खुशियां बांटीं और उन्हें सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुकूल होली खेलने के लिए प्रेरित किया। उत्सव के दौरान छात्र-छात्राओं ने फाग गीतों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से समां बांध दिया। फूलों और गुलाल के साथ खेली गई इस होली में अनुशासन और शालीनता की मिसाल पेश की गई। प्राचार्य डॉ शशिकांत शुक्ला ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि, ऐसे आयोजन शिक्षण संस्थान में पारिवारिक माहौल और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने एक-दूसरे को तिलक लगाकर पर्व की बधाई दी। जलपान के साथ इस रंगारंग उत्सव का सफलतापूर्वक समापन हुआ।

# गुप्ता समाज का होली मिलन कार्यक्रम



**तखतपुर।** तखतपुर गुप्ता समाज की ओर से परंपरागत रूप से होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के प्रारंभ भगवान गणेश, राधा-कृष्ण, भगवान शिव-पार्वती एवं कश्यप ऋषि के छायाचित्र की स्तुति के साथ किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर पालिका अध्यक्ष आतमजीत मक्कड़, विधायक प्रतिनिधि अमित मंदानी एवं पार्षद अभिषेक पांडे, कैलाश देवांगन, अंकित अग्रवाल, रमन हुरा, संजय गुप्ता, शैलेंद्र निर्मलकर, चंद्र प्रकाश देवांगन, राजवीर हुरा सहित बृजराज महोबिया, गुरचरण, त्रयंबकम आदि उपस्थित रहे। उक्त कार्यक्रम में अनन्य हास्य चुटकुले और व्यंग्य प्रश्नों के साथ अटपटे सवालों के चटपटे जवाब कार्यक्रम रखा गया, जिसमें अतिथियों ने चटपटे जवाब देकर कार्यक्रम को रंगारंग बनाया। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष आतमजीत मक्कड़ को महामूर्ख पद से नवाजा गया। कार्यक्रम का संचालन राजकुमार गुप्ता डॉक्टर अश्वनी एवं संतोष गुप्ता ने किया गया। कुर्सी दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें क्रमशः वरिष्ठ लक्ष्मण प्रसाद बलदाऊ, युवा आशीष चंद्रकांत एवं बच्ची अनोखी की मनमोहक राधा-कृष्ण की तस्वीर के लिए प्रथम, द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बलदाऊ गुप्ता, संतोष गुप्ता, सचिव राजू गुप्ता, बसनत गुप्ता, भगवती प्रसाद, विष्णु प्रसाद, बसंत, मुन्ना, प्रह्लाद, शिवराम, शेखर, राजेंद्र, गुड्डा, सूर्यकांत, आशुतोष, रौनक, मनोज, संजय, अजय, धन्ना, दीपक, राजू, मुकेश सहित अन्य उपस्थित रहे।

## विवेकानंद स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनी होली




**बेलतरा।** स्वामी विवेकानंद विद्या मंदिर बेलतरा में होली का पर्व बड़े ही उत्साह और आनंद के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं तथा शिक्षकों ने मिलकर रंगों के इस पावन पर्व की खुशियां साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान बच्चों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय परिसर में खुशी और उमंग का वातावरण देखने को मिला। छात्र-छात्राओं ने अनुशासन और सौहार्द के साथ त्योहार का आनंद लिया। विद्यालय के शिक्षकों ने बच्चों को होली के महत्व के बारे में बताते हुए कहा कि, यह पर्व आपसी प्रेम, भाईचारे और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। साथ ही सभी विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं पर्यावरण-अनुकूल होली मनाने का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के शिक्षक, कर्मचारी व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## भाईचारा और सौहार्द्र के साथ मनी होली



**सेतगंगा-मुंगेली।** धर्मनगरी सेतगंगा सहित आसपास के गांवो में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास, उमंग, उत्साह भाईचारा और सौहार्द्रपूर्ण मनाया गया। इस वर्ष 2 मार्च को भद्रा एवं चंद्रग्रहण का संयोग के कारण 2 मार्च की रात्रि में निर्धारित शुभ मुहुर्त में होलिका दहन किया गया जब किरंगो का होली 4 मार्च याने कि दिन बुधवार को खेली गई। बुधवार सुबह से ही नगर सहित परिक्षेत्र के बच्चों, युवाओं, बुजुर्गों में होली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न मोहल्लो मे रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए, जहां लोग एक-दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्दता का संदेश दिया। स्नेह के रंग मे सराबोर लोग अपनो के घर पहुंचकर होली की शुभकामनाएं देते नजर आए। बच्चों की टोलियां हाथों में पिचकारी और रंगो से भरे गुब्बारे लेकर नगर मे मस्ती करते दिखे। जगह-जगह ढोल नंगाडड़े की थाप में युवा वर्ग थिरकते रहे।

## क्षेत्र में सौहार्दपूर्वक मनाई गई होली , पुलिस रही मुस्तैद



**पथरिया।** नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का पर्व होली हर्षोल्लास, उत्साह और भाईचारे के साथ मनाया गया। इस वर्ष 3 मार्च को भद्रा एवं चंद्र ग्रहण का संयोग होने के कारण 2 मार्च की रात्रि में निर्धारित शुभ मुहूर्त पर होलिका दहन किया गया, जबकि रंगों की होली 4 मार्च, बुधवार को खेली गई। बुधवार सुबह से ही नगर और गांवों में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों में खासा उत्साह देखने को मिला। विभिन्न मोहल्लों में रंगारंग कार्यक्रम आयोजित हुए, जहां लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर प्रेम और सौहार्द का संदेश दिया। बच्चों की टोलियां हाथों में पिचकारी और रंगों से भरे गुब्बारे लेकर नगर भर में मस्ती करती दिखीं। वहीं परिवारों में महिलाओं और पुरुषों ने भी पारंपरिक तरीके से होली खेलकर पर्व की खुशियां साझा कीं। जगह-जगह ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा नृत्य करते और होली गीतों पर झूमते दिखाई दिए।

## पाटनवार बने भाजयुमो सीपत मंडल के उपाध्यक्ष



**सीपत।** भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए सीपत भाजपा मंडल में युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाया गया है। भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक शर्मा की अनुमति तथा भारतीय जनता युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष वैभव तंबोली की सहमति से युवा कार्यकर्ता ओम पाटनवार को सीपत भाजपा मंडल युवा मोर्चा का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। ओम पाटनवार की नियुक्ति के बाद क्षेत्र के युवाओं और भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। नवनियुक्त उपाध्यक्ष ओम पाटनवार ने इस जिम्मेदारी के लिए भाजपा के वरिष्ठ नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है।

### जल संसाधन के कार्य पूर्ण होने से किसानों को होगा लाभ

# बजट में कोटा विस के लिए 65 लाख के कार्य शामिल अटल बोले- क्षेत्र के विकास के लिए हो रहा प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

कोटा विधानसभा क्षेत्र के विकास को गति देने के लिए कोटा विधायक अटल श्रीवास्तव के मांग एवं अनुशंसा पर लोक निर्माण विभाग एवं जलसंसाधन विभाग के 6540 लाख के निर्माण कार्यों को शामिल किया गया है।

बजट में कोटा विधानसभा क्षेत्र के खरगहना से चांदापारा 3.5 कि.मी, इमलीपारा से नगचुआ 6 कि.मी,बेलगहना से बहेरामुड़ा मार्ग 4.8 कि.मी, करवा से पहाड़ बछाली 4 .कि.मी, कोटा नवीन बायपास मार्ग निर्माण 10 कि.मी, मानिकपुर से बाहरीझिरिया 8 कि.मी, पीपरखुटी खोंगसरा मार्ग से कठौतिया से गौरखेड़ा नेशनल हाईवे पहुंच मार्ग 4 कि.मी, देवरमार्ग पहुंच मार्ग चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण 6.2 कि.मी, गौरेला केवंची मुख्यमार्ग से तरईगांव गौरेला पकरिया पहुंच मार्ग तक 3.5 कि.मी, कोटा लोरमी पंडरिया मार्गो का उन्नयन एवं चौड़ीकरण कार्य कुल राशि 4790 लाख रुपए 2026-27 के मुख्य बजट के नवीन मद में शामिल किया गया है। जल संसाधन विभाग अंतर्गत खोंगसरा व्यपवर्तन योजना अंतर्गत मोहली सुक्ष्म सिचाई योजना का निर्माण बछालीखुर्द सुक्ष्म सिंचाई योजना का निर्माण उमरमरा सुक्ष्म सिंचाई योजना का निर्माण 1750 लाख रुपए को शामिल किया गया है। इस संबंध में क्षेत्र के विधायक ने कहा कि इन विकास कार्यों के स्वीकृत होने से क्षेत्र में आवागमन की सुविधा और बेहतर होगी तथा ग्रामीण क्षेत्रों का आपसी संपर्क मजबूत होगा। साथ ही जल संसाधन से जुड़े कार्यों के पूर्ण होने से किसानों को सिंचाई के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी, जिससे कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी और किसानों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में अनेक सड़क एवं सिचाई योजना का निर्माण किया जाना आवश्यक है जिसके लिए मैं निरंतर प्रयासरत हूं। कोटा क्षेत्र के समग्र विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं और आने वाले समय में भी क्षेत्र के विकास एवं क्षेत्रवासियों हेतु आवश्यक कार्यों को स्वीकृत कराने का पूरा प्रयास किया जाएगा।



### बिजनेस साइट

## फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग से अपने पोर्टफोलियो को स्मार्ट तरीके से तैयार करें

**बिलासपुर।** फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग को अपने पोर्टफोलियो के नेविगेटर की तरह काम करने दें, मार्केट की हवा और हालात बदलने पर रास्ता एडजस्ट करें, और साथ ही अपने लॉन्ग-टर्म डेस्टिनेशन को भी ध्यान में रखें।

बाजार कभी भी सीधी लाइन में नहीं चलते। इन्वेस्टिंग एक रोड ट्रिप की तरह है-एक दिन आप आसान हाईवे पर होते हैं, अगले दिन आप रास्ता बदल रहे होते हैं। और एक अच्छी ड्राइव की तरह, इन्वेस्टिंग तब ज्यादा आसान हो जाती है जब आपका प्लान उसी रास्ते पर चलने के बजाय उसे बदल सकता है।

फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग आपको वह फ्लेक्सिबिलिटी देती है।

यह देखते हुए कि अलग-अलग सेगमेंट अलग-अलग समय पर परफॉर्म करते हैं, एक फ्लेक्सीकैप अप्रोच लार्ज-कैप, मिड-कैप या स्मॉल-कैप बॉक्स में अटके रहने के बजाय, मार्केटकैप स्पेक्ट्रम में नीचे फिसला करता है। बड़ी कंपनियां अनिश्चितता का बेहतर सामना कर सकती हैं। जब ग्रोथ बढ़ती है तो मिड-कैप बढ़ सकते हैं। जब आत्मविश्वास ज्यादा होता है तो स्मॉल-कैप चमक सकते हैं, फिर भी वे स्ट्रेस में और तेजी से गिर सकते हैं।

यह फ्लेक्सीकैप की असली ताकत है: रिस्पॉन्सिवनेस। जब कोई वर्ग सामान्य से महंगे दिखे, तो वहां स्टेक कम करें। जब कहीं और कोई नया मौका मिले, तो एक्सपोजर बढ़ाएं। इस तरह लगातार रीबैलेंसिंग आपको एक ही मार्केट-स्टोरी में फंसे बिना लॉन्ग-टर्म ग्रोथ के लिए पोजीशन में बने रहने में मदद करेगी।



**योगेश गुरनानी**
गुरनानी फाइनेंशियल सर्विसेज, बिलासपुर

इसे फिक्स्ड-मील डील के बजाय बुफे ऑप्शन की तरह सोचें: आपको अपनी भूख और उस समय के हिसाब से प्लेट बनाने की इजाजत है।

फ्लेक्सिकैप पोर्टफोलियो बनाना आसान बना सकता है, इस आइडिया के हिसाब से कि अलग-अलग इक्विटी कैटेगरी में पैसा फैलाने के बजाय, आपको एक बड़ा, ज्यादा विभिन्नता भरा पोर्टफोलियो मिलता है।

इसके लिए समय, डिसिप्लिन और शॉर्ट-टर्म नॉइज को टॉलरेंस की जरूरत होती है। अगर आप जल्दी फायदे के पीछे भाग रहे हैं, तो हो सकता है कि आप इतने लकी न हों। अगर आप साइकिल के दौरान निवेशित रहते हैं, तो आपको लंबे समय में कंपाउंडिंग से फायदा हो सकता है।

इसी तरह, इन्वेस्टर्स को आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल फ्लेक्सिकैप फंड आकर्षक लग सकता है। लार्ज, मिड और स्मॉल कैप सेगमेंट में इसका प्रभावशाली एलोकेशन इसे बदलते बाजार के हालात को अपनाने और मार्केट साइकिल में मौकों का फायदा उठाने में मदद करता है। 31 जनवरी, 2026 तक, इस फंड ने एक साल में 9.91 प्रतिशत का सीएजीआर, तीन साल में 18.93 प्रतिशत का सीएजीआर और शुरुआत (जुलाई 2021) से 15.19 प्रतिशत का सीएजीआर दिया है।

आखिर में, फ्लेक्सीकैप इन्वेस्टिंग का मतलब भविष्य की सटीक भविष्यवाणी नहीं है। इसका मतलब है मार्केट में आगे जो भी हो, उसके लिए तैयार रहना।

### बिल्हा क्षेत्र के ग्राम पेंडरवा की घटना, टीआई समेत 3 पुलिसकर्मी घायल

# हुड़दंगियों ने पुलिस के साथ की मारपीट, फाड़ी वर्दी, 7 गिरफ्तार

**बिलासपुर।** बिल्हा क्षेत्र के निपनिया गांव में पुलिस कार्रवाई के दौरान पुलिस टीम पर हमला किए जाने का मामला सामने आया है। आरोपियों ने पहले गांव के एक व्यक्ति को पीटा और गाड़ी डिवाडर में चढ़ा दी। इस दौरान उन्हें पकड़ने गई बिल्हा पुलिस से हुज्जतबाजी करते हुए धक्का-मुक्की व मारपीट की। इस घटना में एक आरक्षक की वर्दी फाड़ दी गई, जबकि कुछ पुलिसकर्मियों को चोटें भी आईं। पुलिस ने मामले में सात आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है और अन्य की तलाश जारी है।



बिल्हा पुलिस के अनुसार होली के दिन पेंडरवा निवासी जलेश्वर साहू थाने पहुंच कर पुलिस को उसके साथ युवकों द्वारा मारपीट करने की बात कही, उसी दौरान उसकी बेटी ने फोन पर जानकारी देते हुए बताया कि युवक शराब के नशे में है और गाली गलौज करते हुए जान से मारने के लिए आमादा है। शिकायत मिलने के बाद पुलिस की टीम गांव पहुंची और जलेश्वर साहू को अपने साथ थाने ले आई। सूचना मिलने पर बिल्हा थाना प्रभारी अवनीश पासवान अपनी टीम के साथ गांव के लिए रवाना हुए। रास्ते में निपनिया के पास आरोपी युवकों की कार क्रमांक सीजी 10 एन 2288 क्षतिग्रस्त हालत में मिली। पुलिस टीम कार चालक को पकड़कर थाने ले जा रही थी। इसी दौरान गांव में रहने वाले जावेद, अजीम, कार्तिक श्रीवास, पप्पू और अन्य लोग वहां पहुंच गए और पुलिस कार्रवाई का विरोध करने लगे।

आरोपितों ने कार चालक को पुलिस के कब्जे से छुड़ाने की कोशिश की। बताया गया कि जावेद और अजीम ने गांव के श्याम बंसल, राहुल बंसल और अन्य लोगों को भी मौके पर बुला लिया। इसके बाद युवकों ने महिला आरक्षक चंदा यादव से धक्का-मुक्की की। साथ ही दूसरी आरक्षक मौसम साहू की वर्दी फाड़ दी और उनके साथ मारपीट की। बीच-बचाव करने पहुंचे आरक्षक संतोष मरकाम के साथ भी आरोपितों ने मारपीट की। स्थिति को संभालने के दौरान थाना प्रभारी अवनीश पासवान को भी चोटें आईं।




1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ..............................
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ..............................
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ..............................
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ..............................
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ..............................
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ..............................
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ..............................
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ..............................
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ..............................
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ..............................







**नियम एवं शर्तें** - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्टि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्धति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है ।

### विश्व महिला दिवस प्रविष्टि

नाम सुश्री / श्रीमती :- ..............................
पिता/पति का नाम :- ..............................
स्थाई पता :- ..............................
..............................
फोन/मो. नं. :- ..............................
शैक्षणिक योग्यता :- ..............................

फोटो यहां चिपकाएं















## खबर संक्षेप

### मां डिडनेश्वरी मंदिर में चैत्र नवरात्र की तैयारियां तेज



मल्हार। मां डिडनेश्वरी देवी मंदिर में बासंती चैत्र नवरात्र पर्व की तैयारी जोर शोर से चल रही है। ज्योति कलश कक्षों की सफाई के अलावा परिसर में रंग रोहन का कार्य अंतिम चरण में है वहीं नवरात्र के दौरान परिसर को भव्य बनाने आकर्षक लाइट व झालर लगाए जा रहे हैं। पिछले दिनों हुई ट्रस्ट की बैठक में सभी सदस्यों को अलग-अलग जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं। कार्यालय प्रभारी जतन कैवर्त ने बताया कि, इस वर्ष 19 से 27 मार्च तक नवरात्र अनुष्ठान होंगे। इस दौरान मंदिर में पंडित नरेश पांडेय दुर्गा सप्तसती पाठ के अलावा सभी नवरात्र अनुष्ठान संपन्न कराएंगे। ट्रस्ट की ओर से इस बार 751 रुपए तेल, 1 हजार 851 रुपए घृत ज्योति कलश तथा जंवारा के लिए 1 हजार 751 रुपए की राशि निर्धारित की गई है। ज्योति कलश की रसीद काटने वाले प्रेरकों के पास रसीद बुक भेज दी गई है, जो मनोकामना के लिए दीप प्रज्वलित करने रसीद बनाकर कार्यालय भेजेंगे। इसके अलावा मंदिर कार्यालय में रसीद कटवाई जा सकती है। ट्रस्ट के अध्यक्ष अनिल कैवर्त ने बताया कि, इस बार नवरात्र में 3 हजार से ज्यादा मनोकामना के ज्योत जलेंगे। नवरात्र के दौरान संपूर्ण नवरात्र पूजन के अलावा जसगीत, झांकी, रामायण, कीर्तन भजन रात्रिकालीन कार्यक्रम मंदिर परिसर में होंगे।

### नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए अग्रसेन कॉलेज के 4 विद्यार्थी चयनित



बिल्हा। शासकीय अग्रसेन महाविद्यालय बिल्हा के चार विद्यार्थियों का चयन भोपाल में आयोजित ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी नेटबॉल प्रतियोगिता के लिए हुआ है। चयनित विद्यार्थियों में कुनाल वर्मा बीकॉम, लोरिक यादव बीकॉम, हरिश राजपूत बीए एवं प्रतीक बीए शामिल हैं। इन सभी खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से महाविद्यालय एव नगर का का नाम गौरवान्वित किया है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ सावित्री त्रिपाठी एवं क्रीड़ा अधिकारी डॉ आलोक कुमार चौरसिया सहित महाविद्यालय परिवार ने सभी खिलाड़ियों को प्रतियोगिता के लिए उत्साह वर्धन किया है।

### ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से कई गांवों को मिलेगा लाभ



लोरमी। क्षेत्र के ग्राम पथर्रा उपकेंद्र में विद्युत उपभोक्ताओं के लिए 33/11 केवी विद्युत पावर ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि का कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। इससे ग्रामीणों को लो वोल्टेज की समस्याओं से निजात मिलेगी अधीक्षण यंत्री सुरेश जांगड़े के कुशल निर्देशन में उपकेंद्र में पूर्व से स्थापित 3.15 एमवीए के ट्रांसफार्मर के स्थान पर 5 एमवीए क्षमता का ट्रांसफार्मर ऊर्जीकृत किया गया है। जिससे उपकेंद्र की क्षमता बढ़कर 10 एमवीए हो गया। ट्रांसफार्मर की क्षमता वृद्धि से क्षेत्र के रयतराखुर्द, बोरतरा, गोंदखामही, घोड़बंधा, महरपुर, धौरभाट, गोपालपुर सहित आसपास के अन्य आश्रित गांवों को लो-वोल्टेज और बार-बार होने वाली ओवरलोडिंग की समस्या से निजात मिलेगी। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि गर्मी का सीजन शुरू होने से पहले इस क्षमता वृद्धि से खेती और घरेलू बिजली की आपूर्ति में काफी सुधार आएगा। इस कार्य के दौरान विभागीय कर्मचारी और तकनीकी टीम उपस्थित रही।

### कॉलेज जीवन व्यक्तित्व निर्माण की पाठशालाः प्रांजल धर



सीपत। क्षेत्र के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थान नयनतारा शर्मा कॉलेज में शनिवार को नवप्रवेशित विद्यार्थियों के लिए स्वागत और अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राओं के विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्था प्रमुख प्रांजल धर शर्मा, सह-संचालिका डॉ. नमिता द्विवेदी एवं प्राचार्य डॉ. शशिकांत शुक्ला ने किया। श्री शर्मा ने कहा कि कॉलेज जीवन केवल डिग्री प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण की पाठशाला है। यहां सीखे गए संस्कार, अनुशासन और आत्मविश्वास जीवन भर साथ चलते हैं। समारोह में जूनियर और सीनियर छात्रों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस अवसर पर बलराम जोशी, कंप्यूटर एवं लेखा विभाग प्रमुख अश्वनी सोनी, आईटी इंचार्ज ओम प्रकाश गुप्ता, कला विभाग प्रमुख प्रमित कोरी, गणित प्रमुख रुपाली मिश्रा एवं वाणिज्य विभाग प्रमुख अनामिका चंद्राकर ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया। प्राचार्य डॉ. शशिकांत शुक्ला ने कहा कि विद्यार्थी हमारे परिवार का अभिन्न हिस्सा हैं। यहां से प्राप्त ज्ञान और संस्कार आपको जीवन के हर क्षेत्र में सफलता दिलाएंगे।

## आर्चरी खिलाड़ियों को 5-5 हजार की राशि देने की घोषणा

# जीवन में आगे बढ़ते हुए परंपराओं को न होने दें विलुप्तः राज्यपाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

राज्यपाल रमेन डेका ने ग्राम शिवतराई पहुंचकर बैगा और बिरहोर जनजाति के लोगों से आत्मीय चर्चा की। उन्होंने उनकी जीवनशैली, पारंपरिक संस्कृति तथा शासन की योजनाओं से मिल रहे लाभ की जानकारी ली। इस अवसर पर राज्यपाल ने आर्चरी के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करते हुए प्रत्येक खिलाड़ी को 5-5 हजार रुपयए देने की घोषणा की। उन्होंने खिलाड़ियों को लोकभवन रायपुर आने का निमंत्रण दिया तथा कलेक्टर को उनके आवागमन सहित आवश्यक सुविधाओं की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल श्री डेका ने करका की लखपति दीदी प्रमिला बैगा से चर्चा की। चर्चा के जौरान उन्होंने बताया कि, वे गोंदा स्वसहायता समूह से जुड़ी हैं। समूह की रश्मि मरावी ने बताया कि, उनके समूह द्वारा सिलाई-मशीन का काम, अचार-पापड़ निर्माण सहित अन्य आजीविका गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। बैगा महिलाओं द्वारा बांस से विभिन्न उपयोगी उत्पाद भी तैयार किए जा रहे हैं। राज्यपाल ने आयुष्मान कार्ड, महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, राशन, पीएम जनमन योजना सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी भी ली। औरापानी की मंगली ने बताया कि, उन्हें आवास योजना का लाभ मिला है। शिवतराई की ममता खुसरो ने बताया कि, उन्हें आयुष्मान कार्ड के साथ महतारी वंदन योजना का भी लाभ मिल रहा है। उन्होंने आयुष्मान कार्ड से अपना अल्सर का ऑपरेशन भी कराया है। राज्यपाल ने कहा कि, बैगा और बिरहोर समाज की समृद्ध संस्कृति और परंपराएं उनकी पहचान हैं। उन्होंने लोगों से अपनी संस्कृति को सहेज कर रखने का आग्रह करते हुए कहा कि, जीवन में आगे बढ़ते हुए भी अपनी परंपराओं को विलुप्त न होने दें। उन्होंने कहा कि, बांस के उत्पाद और पारंपरिक गहने बनाना सिखाने के लिए प्रशिक्षक की भी व्यवस्था की जाएगी। साथ ही राज्यपाल ने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने पर भी जोर दिया।

### बैगा समाज के लोगों को दिए उपहार



सरपंच ने बताया कि, यहां पीएम जनमन योजना के तहत 265 आवास स्वीकृत हुए हैं। कलेक्टर संजय अग्रवाल ने बताया कि, जिले में पीवीटीजी समुदाय के लगभग 6 हजार 400 लोग 54 बसाहटों में निवासरत हैं। पीएम जनमन योजना के तहत लगभग 900 आवास स्वीकृत किए गए हैं तथा 21 सड़कों का निर्माण किया गया है। टाटीधार में बहुद्देशीय केंद्र बनाया गया है। पीवीटीजी बसाहटों में 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से स्वास्थ्य परीक्षण और दवाइयां निशुल्क उपलब्ध कराई जा रही है। राज्यपाल ने निर्देश दिए कि, पीएम जनमन योजना का अधिक से अधिक लाभ पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाया जाए तथा नियमित रूप से मेडिकल कैंप लगाए जाएं। इस अवसर पर बैगा समाज के प्रमुख लुमन सिंह बैगा ने पलाश के फूलों की माला पहनाकर राज्यपाल का स्वागत किया तथा बैगा महिलाओं ने खुमरी पहनाकर उनका पारंपरिक स्वागत किया। कार्यक्रम में एसएसपी रजनेश सिंह, सीसीएफ मनोज पांडे, एडीएम शिव कुमार बनर्जी सहित बड़ी संख्या में बैगा आदिवासी समाज के लोग, स्थानीय जनप्रतिनिधि, ग्रामीण और अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

### राज्यपाल ने लिया एटीआर जंगल सफारी का आनंद



लोरमी। छत्तीसगढ़ के राज्यपाल रमेन डेका ने प्रसिद्ध अचानकमार टाइगर रिजर्व का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने जंगल सफारी का आनंद लिया और वनांचल की प्राकृतिक सुंदरता की सराहना की। उन्होंने प्राकृतिक वातावरण में वन्य जीव के संरक्षण को प्रोत्साहित किया। गुरुवार को दौरे के दौरान राज्यपाल ने आदिवासी अंचल की महिलाओं द्वारा तैयार की गई कलाकृतियों की प्रशंसा की। उन्होंने बैगा और गोंड जनजाति की पारंपरिक ट्राइबल पेंटिंग्स तथा स्थानीय हस्तशिल्प को विशेष रूप से सराहा। राज्यपाल श्री डेका ने सिहावल क्षेत्र में वन्य प्राणी संरक्षण को और मजबूत करने के लिए आवश्यक सुविधाएं बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने जंगली हाथियों के प्रशिक्षण एवं प्रबंधन के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान डीडी एटीआर ने बताया कि, यह क्षेत्र हिरण, हाथी, टाइगर सहित कई वन्य प्राणियों के विचरण का प्रमुख क्षेत्र है। गौरतलब है कि, लोरमी का सिहावल क्षेत्र मनियारी नदी का उद्गम स्थल भी माना जाता है। इस मौके पर कलेक्टर कुन्दन कुमार ने राज्यपाल को जनजातीय कला पर आधारित स्मृति चिन्ह एवं प्राकृतिक कोसे से निर्मित शॉल भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर फील्ड डायरेक्टर अभिषेक सिंह, एडीसी ओम भविष्यकर, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल, डीएफओ एटीआर, यू आर गणेश सहित, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण, फूड एवं राजस्व सहित अन्य विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मकान सूचीकरण एवं गणना के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम




जनगणना प्रशिक्षण कार्यक्रम में अधिकारीगण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

**मुंगेली**। जनगणना 2027 के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना के लिए जिला स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में जिला कलेक्टोरेट स्थित मनियारी सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों को विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना के उद्देश्य, कार्ययोजना, प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों की भूमिका और उत्तरदायित्व, भवनों तथा जनगणना मकानों की नंबरिंग, नजरी नक्शा तैयार करने की प्रक्रिया, मकान सूचीकरण और गणना से संबंधित प्रश्नों को भरने की विधि तथा स्व-गणना पद्धति के बारे में विस्तार से बताया गया। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि, जनगणना के माध्यम से प्राप्त आंकड़े देशवासियों के हित में विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। इससे संसाधनों के बेहतर आवंटन और विकास कार्यों की प्रभावी योजना बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने आमजनों से जनगणना प्रक्रिया में सक्रिय सहभागिता की अपील भी की।

**खास बात**
- अधिकारियों को विस्तार से दी गई कार्य पद्धति की जानकारी

जिला सांख्यिकी अधिकारी प्रीतेश अहिरवार ने बताया कि जनगणना 2027 में पहली बार डिजिटल माध्यम से आंकड़ों का संग्रहण किया जाएगा। इसके साथ ही स्व-गणना पद्धति भी शुरू की जा रही है, जिसके तहत नागरिक वेब पोर्टल के माध्यम से अपनी जानकारी स्वयं दर्ज कर सकेंगे। इससे विशेष रूप से उन लोगों को सुविधा मिलेगी जो रोजगार या अन्य कारणों से अपने निवास स्थान से दूर रहते हैं। इस अवसर पर प्रमुख जनगणना अधिकारी के रूप में कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला जनगणना अधिकारी निष्ठा पांडेय तिवारी, अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी प्रीतेश अहिरवार, अनुविभागीय जनगणना अधिकारी के रूप में जिले के एसडीएम, चार्ज अधिकारी के रूप में तहसीलदार तथा नगर चार्ज जनगणना अधिकारी के रूप में सीएमओ उपस्थित रहे।

## अपर कलेक्टर ने ली राइस मिलर्स की बैठक



मुंगेली। जिले के राइस मिलर्स की महत्वपूर्ण बैठक अपर कलेक्टर जीएल यादव ने ली। बैठक में धान खरीदी के बाद उपार्जन केंद्रों में रखे धान के शीघ्र उठाव एवं मिलिंग प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान अपर कलेक्टर यादव ने सभी राइस मिलर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि धान उपार्जन केंद्रों में रखे धान का शत-प्रतिशत उठाव निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि, धान के उठाव में किसी भी प्रकार की लापरवाही या देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि, शासन की प्राथमिकता है कि, किसानों से खरीदे गए धान का समय पर परिवहन एवं मिलिंग कार्य पूरा हो, ताकि भंडारण में किसी भी प्रकार की समस्या न हो।

अपर कलेक्टर ने कहा कि, धान के उठाव और परिवहन के दौरान सभी आवश्यक नियमों एवं गुणवत्ता मानकों का पालन किया जाए। उन्होंने कहा, धान का सुरक्षित भंडारण, समय पर परिवहन और मिलिंग की प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखना आवश्यक है। इसके साथ ही मिलर्स को धान उठाव की दैनिक प्रगति की जानकारी संबंधित विभागों को नियमित रूप से उपलब्ध कराने के लिए भी कहा गया। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने धान उपार्जन केंद्रों की स्थिति, उपलब्ध धान की मात्र तथा उसके उठाव की प्रगति के संबंध में जानकारी दी।अपर कलेक्टर श्री यादव ने अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि, वे धान उठाव की प्रक्रिया पर सतत निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की समस्या आने पर उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय से कार्य करें ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और शासन की योजनाओं का लाभ समय पर मिल सके। बैठक में राइस मिलर्स से सुझाव भी लिए गए तथा धान उठाव की प्रक्रिया को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाने पर सहमति बनी।

## शिवाजी स्ट्राइकर बने बरेला नगर प्रीमियर लीग के विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ जरहागांव




नगर पंचायत बरेला में रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता नगर प्रीमियर लीग 2026 प्रथम सेशन का आयोजन बरेला ब्लास्टर के द्वारा किया गया। प्रतियोगिता का समापन मैच शिवाजी स्ट्राइकर बरेला वर्सेस आवास वॉरियर बरेला के मध्य खेला गया जिसमें मुख्य अतिथि सिक्का उछाल कर टास कराया शिवाजी स्ट्राइकर ने टास जीत कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 10 ओवरों में 117 रन बनाए जिसमें शिवाजी स्ट्राइकर की टीम ने जीत हासिल की। विजेता टीम को स्व. रामनिवास अग्रवाल व स्व. चंपा देवी अग्रवाल की स्मृति में सत्यनारायण अग्रवाल व घनश्याम अग्रवाल ने एवं स्व. दिलीप कश्यप की स्मृति में लोकेश कश्यप ने पुरस्कार प्रदान किया। उप विजेता टीम को स्व. सकुन पटेल की स्मृति में प्रदीप पटेल ने एवं श्री मेश्राम पुरस्कार दिए। फाइनल मैच के समापन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक पुन्नू लाल मोहले, विशिष्ट अतिथि दीनानाथ केशरवानी जिला अध्यक्ष मुंगेली, राज साहू राकेसाहू, घनश्याम प्रसाद अग्रवाल उपस्थित रहे। अध्यक्षता नगर पंचायत बरेला के अध्यक्ष नरेश पटेल ने की। इस अवसर पर मुकेश पटेल, शेखर अग्रवाल, संदीप अग्रवाल, दीपक अग्रवाल, चंदन अग्रवाल, राकेश सिंह बैस, नागेश्वर जायसवाल, मालिक राम ध्रुव, शेख जैनुल, विजय दीवान, हीरालाल पटेल, संजय निर्मलकर, संजय धुरी, बंटी सेमरिया ,राजकुमार साहू, जगदीश साहू, गजानन निर्मलकर ,विनोद पटेल ,लक्ष्मी दयाल पटेल, नीतेश पटेल, रमेश पटेल, हरीश पटेल, सूरज नायडू, उमेश बर्मन, जावेद खान ,मंटू पटेल, सुखलाल केवट, वासु पटेल, राकेश जयसवाल, संतोष पटेल ,राहुल सिंह, विजय भोई ,कार्तिक राजपूत सौरभ राजपूत ऋषि चतुर्वेदी शेख हैदर, रघुवीर मानिकपुरी ,राहुल यादव, राम केवट ,वैभव गुप्ता ,अरुण प्रजापति, ओम गुप्ता एवं समस्त खिलाड़ी एवं नगरवासी उपस्थित रहे।

## रोजे रखकर इबादत में लीन हैं बोहरा समाज के लोग



**तखतपुर**। दाऊदी बोहरा समाज की ओर से रमजान माह अत्यंत श्रद्धा, आस्था और उत्साह के साथ मनाया जा रहा है। इस पवित्र महीने में समाज के लोग रोजे रखकर इबादत में लीन हैं तथा मस्जिदों में पांचों वक्त की नमाज अदा कर रहे हैं। रमजान आत्मसंयम, भाईचारे और इंसानियत का संदेश देने वाला महीना माना जाता है। इसी भावना के साथ समाज खुदा की इबादत कर रहे हैं और पूरी दुनिया में अमन, चैन और शांति के लिए विशेष दुआएं मांगी जा रही हैं।

छोटे छोटे बच्चे भी रोजे नमाज के साथ अल्लाह की इबादत में लीन हैं। समाज के मुल्ला ताहेर भाई द्वारा प्रतिदिन पांचों वक्त की नमाज अदा कराई जा रही है। इसके साथ ही शाम के समय तकरीर का आयोजन भी किया जा रहा है, जिसमें रमजान के महत्व, अच्छे आचरण, इंसानियत और आपसी भाईचारे पर प्रकाश डाला जाता है व समाज के धर्मगुरु डॉ सैयदना मो बुरहानुद्दीन साहब की उम्र दराजी की दुआ मांगी जा रही हैं। साथ ही उनके संदेशों को आत्मसात करने की की सीख दी जा रही है। रमजान के इस पावन माह में समाज के लोग जरूरतमंदों की मदद, दान और सेवा कार्यों में भी बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। पूरे माहौल में आध्यात्मिकता, अनुशासन और भाईचारे की सुंदर झलक देखने को मिल रही है। इस अवसर मुल्ला शब्बीर कपासी, सिराज वनक, शब्बीर शाम, कुतुबुद्दीन भारमल, शब्बीर लक्ष्मीधर, ताहेर लक्ष्मीधर, यूसुफ वनक, सादिक कपासी, अब्बास हिरानी, जाकिर कपासी, मोईन वनक, युसूफ भारमल, मुर्तुजा लक्ष्मीधर, परवेज भारमल, हातिम लक्ष्मीधर, यूसुफ लक्ष्मीधर, होजेफा कपासी, युसूफ लक्ष्मीधर, सैफ़ुद्दीन शाम, अदनान अली, इब्राहिम, मोइज भारमल, मंसूर कपासी, अब्दे अली, होजेफा भारमल, हाशिम भारमल, हमजा भारमल, मोइन वनक, मुस्तफा वनक, कुशय, हातिम, हुसैन, अब्बास, मुर्तुजा, मुस्तफा, अली असगर सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित हो रहे हैं।

## ग्राम पंचायतों को आर्थिक मजबूती देने प्रशासन की पहल

**मुंगेली**। जिले की ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से मजबूत और आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में जिला प्रशासन की ओर से महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के निर्देशानुसार जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायतों में विभिन्न योजनाओं और व्यवस्थाओं को प्रभावी रूप से लागू किया जा रहा है, जिससे पंचायतों को अधिक सशक्त और पारदर्शी बनाया जा सके। जिला पंचायत अंतर्गत समर्थ पोर्टल में छत्तीसगढ़ पंचायत राज्य एक्ट की धारा 77 उपधारा (1) के तहत ग्राम पंचायतों में संपत्ति कर अधिरोपित किया जा रहा है। इसके तहत ग्राम पंचायतों के राशनकार्डधारियों से स्वघोषणा पत्र भरवाया जा रहा है, जिसमें मकान की पूंजीगत लागत के आधार पर संपत्तिकर निर्धारित किया जा रहा है। संपत्ति कर से प्राप्त राशि का उपयोग गांव में मूलभूत सुविधाओं उपलब्ध कराने के लिए किया जा रहा है। प्रशासन का उद्देश्य है कि, इस कर से प्राप्त राशि का उपयोग ग्राम पंचायतों में मूलभूत सुविधाओं के विकास के लिए किया जाए, जिससे पंचायतें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बन सकें और गांवों में विकास कार्यों को गति मिल सके। इसके साथ ही पंचायतों में विकास कार्यों की पारदर्शिता और निगरानी बढ़ाने के लिए राज्य सरकार द्वारा ग्राम सम्पदा मोबाइल एप भी विकसित किया गया है। इस एप के माध्यम से ग्राम पंचायतों में पिछले 10 वर्षों में कराए गए विभिन्न निर्माण कार्यों की जानकारी ऑनलाइन देखी जा सकती है। इससे किसी भी निर्माण कार्य की वास्तविक स्थिति और प्रगति की जानकारी कुछ ही क्षणों में प्राप्त हो सकेगी। जिपं सीईओ ने इस कार्य को प्राथमिकता के साथ लागू करने के लिए सभी जनपद पंचायतों के सीईओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए है। जिपं सीईओ ने कहा कि, इन पहल से पंचायतों की कार्यप्रणाली में पारदर्शिता बढ़ेगी और गांवों में विकास कार्यों की निगरानी भी बेहतर ढंग से हो सकेगी। जिला प्रशासन की इस पहल से आने वाले समय में ग्राम पंचायतों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और ग्रामीण विकास को नई गति देने में मदद मिलेगी।

## ग्रामीणों ने कलेक्टर को सौंपा आवेदन, कार्रवाई की मांग

# मुआवजा दिलाने के नाम पर ठगी का आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ पथरिया।

विकासखंड के ग्राम कुकुसदा एवं आश्रित ग्राम पडरियाझाप, घटोलीपारा के किसानों एवं ग्रामीणों ने मनयारी बेराज मुआवजा राशि दिलाने के नाम पर दलाल द्वारा गुमराह करने का आरोप लगाते हुए कलेक्टर को लिखित शिकायत सौंपकर कार्रवाई की मांग की है।



ग्रामीणों की ओर से सौंपे गए आवेदन के अनुसार, क्षेत्र के कुछ दालालों द्वारा किसानों के घर-घर जाकर स्वयं को कलेक्टर के आदेश पर कार्यरत बताते हुए मुआवजा दिलाने का भरोसा दिया जा रहा है। शिकायत में उल्लेख है कि, संबंधित व्यक्ति किसानों से 20 प्रतिशत राशि की मांग की जा रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि, पहले भी 40 से 50 प्रतिशत तक राशि लेने की बात सामने आई थी, और अब 20 प्रतिशत देने का दबाव बनाया जा रहा है। यह भी कहा जा रहा है कि, राशि नहीं देने पर मुआवजा नहीं मिलेगा। आवेदन में किसानों से संपर्क करने वाले एक व्यक्ति का नाम गीताराम साहू एवं दूसरे का नाम सरिता भारद्वाज बताया गया है, साथ ही मोबाइल नंबर भी उल्लेखित है। ग्रामीणों का कहना है कि, इस प्रकार की गतिविधियों से किसान भय और असमंजस की स्थिति में हैं। मामले की जानकारी ग्राम पंचायत कुकुसदा के सरपंच जनक राम साहू को भी दी गई है। शिकायत पत्र पर बहोरन ध्रुव, राजा राम गोंड, ललित मरकाम, दशरथ जायसवाल, गायत्री देवी गोंड सहित अन्य ग्रामीणों के हस्ताक्षर हैं। ग्रामीणों ने कलेक्टर से मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने तथा किसानों को बिना किसी बिचौलिये के पारदर्शी ढंग से मुआवजा राशि दिलाने की मांग की है।

### विधायक के प्रयास से जारी हुई करोड़ों की मुआवजा राशि

गौरतलब है कि, क्षेत्रीय विधायक एवं पूर्व मंत्री पुन्नूलाल मोहले ने वर्षों से लंबित बैराज डुबान से प्रभावित 175 किसानों को मुआवजा राशि दिलाने मुख्यमंत्री साय से अनुरोध किया था, जिस पर शासन ने 40 करोड़ राशि स्वीकृत की। लेकिन दलालों के कारण यह राशि किसानों को पूरी नहीं मिल पा रही है।

## महिला दिवस पर होगा महतारी सम्मेलन

मुंगेली। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 8 मार्च को ग्राम पंचायत छतौना में वृहद महतारी सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा, जिसमें जिले भर से बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल होंगी और उन्हें शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान की जाएगी। महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी ने बताया कि, सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को शासन की योजनाओं से जोड़ना, उन्हें उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना तथा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में महतारी वंदन योजना की हितग्राही महिलाएं, स्वसहायता समूह की सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाएं तथा विभिन्न महिला समूहों की प्रतिनिधि सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं आमजन शामिल होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सीधे जुड़ेगे। इस दौरान मुख्यमंत्री साय महतारी वंदन योजना की चयनित हितग्राही महिलाओं से संवाद भी करेंगे, जिसमें वे महिलाओं के अनुभव सुनेंगे और शासन की योजनाओं के लाभ के बारे में जानकारी प्राप्त करेंगे। कार्यक्रम में जिले से विधायक एवं जनप्रतिनिधि भी शामिल होगे। सम्मेलन में महिलाओं को महतारी वंदन योजना, पोषण अभियान, महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम, स्वसहायता समूह गतिविधियों, बाल संरक्षण योजनाओं तथा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी जाएगी। साथ ही महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित भी किया जाएगा, ताकि अन्य महिलाएं भी उनसे प्रेरणा लेकर समाज में आगे बढ़ सकें।